नई दिल्ली
सोमवार
06 मई, 2024
वर्षः 10, अंकः 244
पृष्ठः 08, मूल्य 2 रु0
E-mail
story@sadbhawna.today
sadbhavnatoday@gmail.com
web: www.sadbhawna.today

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
# सद्भावना टुडे
आवाज़ अधिकार की
DELHIN/2014/58158



इंडी एलायंस महाठगंधन,घमंडिया और चंडाल...पेज-05
पुजारा ने काउंटी चैंपियनशिप में जड़ा शतक पेज-07

हिन्दी में प्रकाशित होने वाला सबसे लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र
'सद्भावना टुडे'
में विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :-
011-43678240
E-mail
story@sadbhawna.today
sadbhavnatoday@gmail.com
web: www.sadbhawna.today

## शाही परिवार के वारिस के ही पीएम, सीएम बनने की कुप्रथा चायवाले ने तोड़ीः मोदी

### मोदी ने समाजवादी पार्टी के गढ़ इटावा में एक जनसभा के दौरान परिवारवाद पर तीखा हमला करते हुए कहा

**इटावा,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को समाजवादी पार्टी के गढ़ इटावा में एक जनसभा के दौरान परिवारवाद पर तीखा हमला करते हुए कहा कि एक चायवाले ने शाही परिवार के किसी वारिस के ही पीएम और सीएम बनने की कुप्रथा को तोड़ दिया। यहां आयोजित जनसभा के माध्यम से एक साथ तीन लोकसभा क्षेत्रों (इटावा, मैनपुरी और कन्नौज) के मतदाताओं को प्रधानमंत्री ने संबोधित किया और भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील की। जनसभा में परिवारवाद के खिलाफ मोदी जमकर गरजे और इस संकल्पना पर तीखा हमला करते हुए कहा इन परिवारवादियों की विरासत गाड़ी, बंगला, राजनीतिक रसूख है। कोई मैनपुरी, कन्नौज, इटावा को अपनी जागीर मानता है, कोई अमेठी रायबरेली को अपनी जागीर मानता है। मोदी की विरासत गरीब का पक्का घर है, मोदी की विरासत देश की करोड़ो माताओं-बहनों को मिला शौचालय है, मोदी की विरासत दलित गरीबों को मिली बिजली, गैस, नल की सुविधा है। मोदी की विरासत गरीबों को मिला मुफ्त राशन है, मुफ्त इलाज है, मोदी की विरासत आपके बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए बनाई गई नई शिक्षा नीति है, मोदी की विरासत तो सबकी है, सबके लिए है। कौन जानता है कि 2047 में आपका ही बेटा, बेटी प्रधानंत्री बने, मुख्यमंत्री बने। शाही परिवार का वारिस ही पीएम और सीएम बनेगा, ये कुप्रथा इस चायवाले ने तोड़ दी है।

सपा और कांग्रेस के वादों को झूठा बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इनकी बातें झूठी, वादे भी झूठे हैं। सपा कांग्रेस के नारे झूठे, और नीयत में भी खोट है। इन लोगों ने कोरोना संकट काल में भी लोगों को नहीं बख्शा था। देश के वैज्ञानिकों ने टीका बनाया, लेकिन सपा कांग्रेस के लोग उसको भी बदनाम करते थे। खुद चोरी छुपे टीके लगवाते थे और टीवी पर सोशल मीडिया पर लोगों को भड़काते थे, ताकि हाहाकार फैले और मोदी पर कलंक लगे। अब ये हमारा लोकतंत्र हमारे संविधान को लेकर झूठ फैलाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 75 साल पहले जब देश का संविधान बना तब बाबा साहेब अंबेडकर और खुद जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा, लेकिन अब सपा कांग्रेस और इनकी सारी कंपनी एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीनकर उसे धर्म के आधार पर बांटना चाहते हैं।



### अयोध्या में मोदी के भव्य रोड शो में उमड़ी भारी भीड़

**अयोध्या।** भगवान राम की नगरी अयोध्या में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भव्य रोड शो के दौरान लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और यात्रा मार्ग जयश्री राम और मोदी मोदी के नारों से गुंजायमान हो गया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी में रामलला के प्राणप्रतिष्ठा के बाद दूसरी बार राममंदिर में आकर भगवान राम के बालरूप की पूजा अर्चना की। उन्होंने रामलला की प्रतिमा के समक्ष दंडवत प्रणाम किया। इसके बाद उनका काफिला रोड शो के आरंभ स्थल सुग्रीव किला पर पहुंचा जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और इस सीट से तीसरी बार भाजपा की ओर से प्रत्याशी बनाये गये लल्लू सिंह के साथ साथ बाकी मंत्रीगणों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। मुलाकात के बाद श्री मोदी फूलों से सजी खुली गाड़ी पर मुख्यमंत्री और अयोध्या से भाजपा उम्मीदवार के साथ सवार हुए। तीनों ने हाथ में कमल का निशान लिया और इस दौरान मौजूद लोगों ने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद रोड शो का शुभारंभ हुआ । दो किलोमीटर लंबे रोड शो के लिए मार्ग को 40 ब्लॉकों में बांटा गया और जगह जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। संतो -महंतों और बटुको ने शंखध्वनि ने प्रधानमंत्री की अगवानी की। रोड शो सुग्रीव किला से रामपथ पर हनुमानगढ़ी ,तुलसी उद्यान होते हुए लता चौक पर पहुंचा। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए सड़क के दोनों ओर काफी समय पहले से ही आकर खड़े हो गये।

## लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान लिए चुनाव प्रचार थमा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार का शोर रविवार की शाम पांच बजे थम गया। चुनाव आयोग तीसरे चरण की वोटिंग को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। चुनाव के वोटों की गिनती चार जून को की जाएगी। तीसरे चरण के चुनाव में गृह मंत्री अमित शाह, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान, दिग्विजय सिंह, डिंपल यादव, सुप्रिया सुले समेत कई दिग्गजों का फैसला होगा। अब तक देश में लोकसभा के पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान हुआ। फिर 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हुआ। जिसके बाद अब सात मई को तीसरे चरण के मतदान होंगे। जिसके बाद 13 मई को चौथे, 20 मई को पांचवे, 25 मई को छठे, एक जून को सातवें चरण के मतदान होंगे। चार जून को वोटों की गिनती की जाएगी।

तीसरे चरण के लिए सभी प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों ने अपने पूरे जोश के साथ चुनावी प्रचार किया। चुनाव आयोग तीसरे चरण की वोटिंग को लेकर तैयारियों में जुटा हुआ है। चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के कई कार्यक्रम कर रहा है। तीसरे चरण में 12 राज्यों के 94 लोकसभा सीटों के लिए वोट पड़ेंगे, इनमें बिहार की पांच, मध्य प्रदेश की नौ, असम की चार, छत्तीसगढ़ की सात, कर्नाटक की 14, गोवा की दो, गुजरात की 25, महाराष्ट्र की 11, उत्तर प्रदेश की 10, बंगाल की चार, दमन और दीव की दो सीट शामिल हैं। चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग रजौरी सीट पर मतदान की तारीख में बदलाव किया है। अब यहां 25 मई को छठे चरण में वोटिंग होगी। केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना से चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विदिशा से मैदान में उतारा है।कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह राजगढ़ से मैदान में हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता एवं श्री शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले अपनी भाभी सुनेत्रा पवार के खिलाफ बारामती से चुनाव लड़ रही हैं जो महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की पत्नी हैं। लोकसभा में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी पश्चिम बंगाल की बहरामपुर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

## एक नजर

### अमरनाथ यात्राः बीस दिनों में दो लाख 38 हजार तीर्थयात्रियों ने कराया पंजीकरण

**जम्मू,एजेंसी।** वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण प्रक्रिया के पहले 20 दिनों में दो लाख 38 हजार तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया है। यात्रा 29 जून, 2024 से शुरू होगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 15 अप्रैल से शुरू हुई अग्रिम पंजीकरण प्रक्रिया में अब तक 2.38 लाख तीर्थयात्रियों ने ऑफ़लाइन और ऑनलाइन मोड के माध्यम से वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा के लिए अपना पंजीकरण कराया है। इस साल 29 जून से शुरू होकर 52 दिवसीय यात्रा 19 अगस्त (रक्षाबंधन) को समाप्त हो रही है। हालांकि, रविवार को श्री अमरनाथ लिंगम की पहली तस्वीर भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामने आई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) गुफा तीर्थस्थल तक तीर्थयात्रियों की यात्रा को आसान बनाने के लिए जल्द ही ऑनलाइन हेलीकॉप्टर बुकिंग सेवा भी शुरू करेगा।

### देश के द. प्रायद्वीपीय क्षेत्र में छह मई तक लू चलने का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश के दक्षिण प्रायद्वीपीय हिस्सों में सोमवार तक लू की स्थिति जारी रहने और उसके बाद कम होने की संभावना है। विभाग के अनुसार, तमिलनाडु, रायलसीमा, तेलंगाना, विदर्भ और आंतरिक कर्नाटक में आज और कल लू की स्थिति बनी रहेगी। छह से नौ मई तक पश्चिम राजस्थान, पूर्वी राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश और सौराष्ट्र में लू की स्थिति बनी रहेगी। विभाग ने पूर्वोत्तर भारत में सात मई तक तथा पूर्वी और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में नौ मई तक तूफान और तेज़ हवाओं के साथ भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवाएं चलने का अनुमान जतायी गयी है। अगले सात दिन के दौरान नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा, छह और सात मई को उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल तथा सिक्किम और गांगेय पश्चिम बंगाल में गरज, बिजली और 60 किमी प्रति घंटे तक की तेज़ हवाओं के साथ व्यापक रूप से हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं। छह से नौ मई के दौरान पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, बिहार, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, झारखंड और ओडिशा में गरज, बिजली और तेज हवाओं (40-50 किमी प्रति घंटे) के साथ काफी व्यापक वर्षा; अगले पांच दिनों के दौरान विदर्भ और छत्तीसगढ़ में, छह और सात मई को गंगीय पश्चिम बंगाल तथा सात और आठ मई को ओडिशा में भारी बारिश होने का अनुमान है।

## यौन शोषण के आरोपी प्रज्वल को वापस लाने के लिए इंटरपोल से मदद की गुहार



**बेंगलुरु,एजेंसी।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने रविवार को कहा कि यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहें हासन लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना को वापस लाने के लिए ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने के साथ ही इंटरपोल से भी सहायता मांगी गई है। डॉ. परमेश्वर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि एक विशेष जांच दल (एसआईटी) को श्री रेवन्ना(33) पर लगाये गये यौन शोषण के आरोपों की जांच का काम सौंपा गया है और वह उनको भारत वापस लाने की दिशा में आवश्यक कदम सुनिश्चत करेगा।

उन्होंने कहा, ब्लू कॉर्नर नोटिस पहले ही जारी किया जा चुका है। इंटरपोल श्री रेवन्ना पता लगाने के लिए सभी देशों को सूचना भेजेगा। उन्होंने मामले की जांच में एसआईटी के प्रयासों की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि टीम ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर कानूनी प्रोटोकॉल का सावधानीपूर्वक पालन किया है। उन्होंने यौन शोषण के आरोपों से संबंधित अपहरण के एक मामले में श्री रेवन्ना के पिता एचडी रेवन्ना की हाल ही में हुई गिरफ्तारी की ओर इशारा किया। जनता दल (सेक्युलर) (जेडीएस)विधायक रेवन्ना पर छेड़छाड़ और अपहरण का आरोप है। एक स्थानीय अदालत द्वारा उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद शनिवार को एसआईटी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। यौन शोषण मामला, जिसमें कथित तौर पर जेडीएस संरक्षक एवं पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के पोते श्री प्रज्वल रेवन्ना को चित्रित करने वाले स्पष्ट वीडियो क्लिप शामिल हैं, ने हासन में विवाद को जन्म दिया है। इसके बाद राज्य सरकार ने सांसद पर लगे आरोपों की गहन जांच के लिए एसआईटी का गठन किया। अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग निकाय द्वारा जारी ब्लू कॉर्नर नोटिस का उद्देश्य किसी व्यक्ति की पहचान, स्थान या अपराध से संबंधित गतिविधियों के संबंध में सदस्य देशों से अतिरिक्त जानकारी एकत्र करना होता है।

## आंध्र में भ्रष्ट शासन खत्म करने के लिए तेदेपा-जसेपा-भाजपा ने किया गठबंधनः शाह

**अनंतपुर, आंध्र प्रदेश।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को लोगों से आंध्र प्रदेश की भ्रष्ट वाईएसआरसीपी सरकार को हटाने के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा), जन सेना पार्टी (जसेपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन का समर्थन करने का आह्वान किया।



श्री शाह ने तेदेपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की मौजूदगी में धर्मावरम में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पहली बार राज्य के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ तीखा हमला किया और आरोप लगाया कि राज्य में भ्रष्टाचार व्याप्त है। उन्होंने कहा कि श्री जगन रेड्डी ने सत्ता में आने पर पूर्ण शराबबंदी का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद उन्होंने नयी शराब नीति शुरू की। उन्होंने कहा कि राज्य में भू-माफिया को खत्म करने और राजधानी अमरावती के निर्माण के लिए गठबंधन को सत्ता में आना होगा। उन्होंने अफसोस जताया कि श्री रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार ने आंध्र प्रदेश पर 13.50 लाख करोड़ रुपये का कर्ज का बोझ लाद दिया है। श्री शाह ने कहा, आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू, नरेंद्र मोदी और पवन कल्याण ने भ्रष्ट सरकार को हटाने के लिए हाथ मिलाया है।

हमने भू-माफिया, भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और आंध्र प्रदेश में राजधानी बनाने के लिए गठबंधन किया। गृह मंत्री ने सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा शुरू करने के श्री रेड्डी सरकार के फैसले का जिक्र करते हुए तेलुगू भाषा की सुरक्षा का आश्वासन दिया।

उन्होंने वादा किया कि जब तक भाजपा सत्ता में है, तेलुगू भाषा की रक्षा की जायेगी। उन्होंने कहा, जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार के भ्रष्ट कार्यों के कारण पोलावरम निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। यदि गठबंधन आंध्र प्रदेश में सत्ता में आता है और भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन केंद्र में सत्ता में आता है, तो पोलावरम परियोजना का निर्माण कार्य दो साल में पूरा हो जायेगा।

## खडगे-राहुल ने सेना के काफिले पर हमले की निंदा की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जम्मू कश्मीर में वायु सेना के वाहन पर आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे कायरतापूर्ण कार्रवाई बताया और कहा कि इस तरह के हमलों के खिलाफ हम एकजुट हैं। श्री खडगे ने कहा, जम्मू-कश्मीर के पुंछ में भारतीय वायुसेना के वाहन पर हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले से बहुत दुखी हूं। हम इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हैं और आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्र के साथ खड़े होते हैं। उन्होंने कहा, सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर वायु योद्धा के परिवार के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएँ। हम आशा करते हैं कि घायल वायु योद्धा जल्द से जल्द ठीक हो जाएं और ईमानदारी से उनकी भलाई के लिए प्रार्थना करें। भारत अपने सैनिकों के लिए एकजुट है।

## भारत, रामकृष्ण की धरती है जेहाद की धरती नहीं- योगी

**संजय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार**

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने (कांग्रेस वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद एवं उनकी भतीजी मारिया आलम नाम लिए बिना) कहा कि इन लोगों को भी मौका मिला था तो इन्होंने गरीबों के साथ दिव्यांगों के हकों पर डकैती डाली थी,वही अब वोट जेहाद की बात कर रहे हैं। भारत रामकृष्ण की धरती है, जेहाद की धरती नहींहै। मुख्यमंत्री ने फर्रुखाबाद जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में भोजपुर विधानसभा के कस्बा कमालगंज के रामलीला मैदान में आज भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद मुकेश राजपूत के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले का भारत आप सभी ने देखा था, जो विश्व में अपना विश्वास खो चुका था, सभी जगह अराजकता, आतंकवाद नकारात्मकता से देश ग्रसित था। युवा पलायन कर रहा था, किसान आत्महत्या कर रहा था, भ्रष्टाचार चरम पर था, सभी प्रकार की अराजकताएं थी, यही लोग कर रहे थे ,जिन्हें भारत के लोकतंत्र पर भरोसा नहीं था, इन लोगों को भारत की प्रगति अच्छी नहीं लग रही थी।



उन्होंने दावा किया कि 2014 के बाद भारत का दुनिया में सम्मान है, इस रूप में हम देखे जा रहे हैं,आज देश की सीमाएं सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि आज कहीं पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान अपनी सफाई देता है और कहता है कि इसमें मेरा हाथ नहीं है क्योंकि पाक जानता है कि नया भारत छेड़ता नहीं, और छेड़ दिया तो छोड़ता नहीं। उन्होंने बताया कि भारत में अस्सी करोड़ लोगों को फ्री राशन मिल रहा है, जबकि पाक के 24 करोड़ लोग भूखों मर रहे हैं। जो लोग जेहाद की बात उठते हैं उन्हीं के आकाओ ने देश का बंटवारा कराया। आज जेहाद की बात करके, देश के लोकतंत्र को कलंकित कर रहे हैं, यदि जेहाद से प्यार है तो भीख मांग रहे पाक के पास चले जाएं। उन्होंने कहा कि आज देश में सुरक्षा और सम्मान का माहौल है, एक और मोदी जी हैं तो दूसरी ओर एससी,एसटी ओबीसी आरक्षण में सेंध लगाने वाले सपा बसपा कांग्रेस है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन जनता के हकों पर डंका डालने का कार्य कर रहा है। सपा- बसपा- कांग्रेस, देश में धर्म के नाम पर बंटवारा कराना चाहते हैं। इसी साजिश के तहत यह लोग जेहाद की बात कर रहे हैं। इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी सांसद मुकेश राजपूत, विधायक नागेंद्र सिंह राठौर विधायक सुनील दत्त द्विवेदी, अपना दल विधायक डॉक्टर सुरभि, एमएलसी प्रियांशु दत्त द्विवेदी, विधायक सुशील शाक्य, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, जिला प्रभारी महेश चंद दुबे लोकसभा प्रभारी अजय धाकरे, जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## इंडिया गठबंधन 300 से अधिक सीट जीतकर बनायेगा केंद्र में सरकारः सुरेंद्र राजपूत

**अयोध्या,एजेंसी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेन्द्र राजपूत ने रविवार को दावा किया कि इंडिया गठबंधन इस बार तीन सौ से ज्यादा सीट ले करके केन्द्र में सरकार बनाने जा रही है। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने यहां यूनीवार्ता से बातचीत करते हुए कहा कि देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त है इसलिए भारतीय जनता पार्टी को अब सत्ता छोड़नी ही पड़ेगी क्योंकि इंडिया गठबंधन इस बार तीन सौ से ज्यादा सीट ले करके केन्द्र में सरकार बनाने जा रही है।



उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राम के नाम पर राजनीति कर रही है, जबकि श्रीराम आस्था का विषय हैं। देश के सभी लोग श्रीराम को मानते हैं और उनकी पूजा भी करते हैं लेकिन ऐसी घिनौनी राजनीति नहीं करते हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि रामलला के दरबार में प्रधानमंत्री दर्शन करने नहीं बल्कि राजनीति करने आये हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता एवं विधायक तथा गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के समर्थन में मैं आया हुआ हूं। गांव-गांव, पांव-पांव, नगर-नगर, डगर-डगर कांग्रेस पार्टी के अर्थात् गठबंधन के पांच गारंटी पत्र को जनता को समझाने में लगा हूं और इस देश की जनता इस गारंटी पत्र को अब अच्छी तरह समझ गयी है। इसलिए अब मैं बोल रहा हूं कि अबकी बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय है। श्री राजपूत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरे देश में घूम-घूम कर यह प्रचार कर रहे हैं कि अबकी बार चार सौ पार, जबकि चार सौ हार होना तय है। इंडिया गठबंधन तीन सौ से ज्यादा सीट ला करके अपनी सरकार बना रही है। उन्होंने पेपर लीक पर कहा कि सरकार स्वयं पेपर लीक कराती है, जिससे उसे नौकरी न देना पड़े और हमारे युवक उसी में उलझे रहें।

# अंतरिम अध्यक्ष देवेन्द्र ने संभाला प्रदेश कांग्रेस का पदभार

● नेताओं ने आप से समझौते पर मुहर लगाई, गठबंधन को जिताने का संकल्प लिया ● अगले वर्ष दिल्ली विधानसभा में कांग्रेस की सरकार बनाने का भी ऐलान किया

**मो. हबीबुल्लाह उर्फ मुन्ना, सद्भावना टुडे संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने रविवार को ढोल-नगाड़ों और नेताओं व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में पदभार संभाला। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस के तमाम नेताओं ने पार्टी आलाकमान की ओर से आप के साथ लोकसभा चुनाव लड़ने के निर्णय को उचित ठहराया। इतना ही नहीं, उन्होंने दिल्ली की समस्त सातों सीटों पर गठबंधन को जिताने का संकल्प लिया। साथ ही, अगले वर्ष दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनाने का भी ऐलान किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन, प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा व चौ. अनिल कुमार के साथ पार्टी कार्यालय पहुंचे देवेन्द्र यादव ने अंतरिम अध्यक्ष बनाने पर पार्टी के तमाम आला नेताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर देवेन्द्र ने कहा कि इस चुनौती पूर्ण समय में हमें एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने के लिए से पार्टी की विचारधारा के अनुरूप काम करना है। आज देश कांग्रेस की ओर देख रहा है, क्योंकि भाजपा सरकार के 10 वर्षों के शासन में गरीब, मजदूर, युवा, महिला, किसान व निम्न वर्ग परेशान है। इसके अलावा देश की 95 प्रतिशत जनसंख्या भाजपा के पूंजीपति संरक्षण की नीति से पीड़ित है। हमें संविधान को बचाने के लिए लड़ाई लड़नी होगी। चुनाव में हमें मिलकर काम करना है और चुनौती भरे समय में 25 मई को दिल्ली की सभी सातों सीटों पर गठबंधन के उम्मीदवारों को विजयी बनाकर यह संघर्ष तब तक जारी रखना है जब तक कांग्रेस दिल्ली में पुरानी जमीन वापस नहीं पा लेती। इसके लिए हमें दिल्ली के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना होगा और वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को दिल्ली में बहुमत के साथ वापसी करानी होगी।



**लवली के सुर में सुर मिलाने वाले तमाम नेता भी पहुंचे**

आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन, उत्तर पश्चिम दिल्ली से दो. उदित राज व उत्तर पूर्व दिल्ली से कन्हैया कुमार को टिकट देने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद से अरविंदर सिंह लवली के त्याग पत्र देने के बाद उनके घर पहुंचे अधिकतर कांग्रेस नेता कार्यक्रम में पहुंचे। गत सप्ताह पहले लवली के सुर में सुर मिला रहे थे, जबकि रविवार को उन्होंने पार्टी आलाकमान के निर्णय पर मुहर ही नहीं लगाई, बल्कि गठबंधन के सभी उम्मीदवारों को जिताने के लिए काम करने की बात कही। गत दिनों तक लवली के करीबी रहे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, पूर्व विधायक भीष्म शर्मा, सुरेंद्र कुमार के अलावा जितेन्द्र कुमार कोचर आदि मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में कई पूर्व विधायक नजर नहीं आया।

**एक घंटा पहले ही आने लग गए थे कार्यकर्ता**

कार्यक्रम शुरू होने से एक घंटा पहले ही कार्यकर्ता पार्टी की टोपी पहनकर हाथों में झंडे लेकर ढोल-नगाड़ों के साथ आने शुरू हो गए थे। देवेन्द्र यादव के कार्यालय के गेट पर पहुंचते ही कार्यकर्ता उनको कंधों पर उठाकर मंच तक लाए।

# गाजीपुर लैंडफिल अग्निकांड मामले में एनजीटी ने सीपीसीबी, एमसीडी और अन्य से जवाब मांगा

**सैफुल्लाह सिद्दीकी, सद्भावना टुडे**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पिछले महीने गाजीपुर लैंडफिल स्थल (कचरा एकत्रित करने की जगह) पर आग लगने की घटना पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों से पांच सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। अधिकरण 21 अप्रैल को पूर्वी दिल्ली में गाजीपुर लैंडफिल स्थल पर भीषण आग लगने की घटना के संबंध में एक अखबार की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेकर मामले की सुनवाई कर रहा था।

एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने कहा कि समाचार रिपोर्ट ने पर्यावरण मानदंडों के अनुपालन से संबंधित एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है। पीठ ने कहा कि 2022 में इस स्थल पर इसी तरह की आग लगी थी और अधिकरण ने अगले साल जनवरी में उपचारात्मक उपाय करने के निर्देश जारी करने के अलावा, दिल्ली सरकार पर 900 करोड़ रुपये का पर्यावरणीय जुर्माना लगाया था। पीठ ने पिछले साल कहा था कि दिल्ली सरकार और उसके प्राधिकारियों ने आग रोकने के लिए न्यूनतम मानकों का भी पालन नहीं किया है। उन्नतीस अप्रैल को पारित हुए एक आदेश में अधिकरण ने कहा, उपरोक्त आदेश के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है और लैंडफिल स्थलों पर ऐसी आग लगने की घटनाएं अब भी हो रही हैं। पीठ ने इस मामले में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सदस्य, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त और पूर्वी दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट को प्रतिवादी के रूप में पक्षकार बनाया है। अधिकरण ने कहा, मामले से जुड़े मुद्दे को ध्यान में रखते हुए हम सभी प्रतिवादियों को पांच सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट या जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हैं। अधिकरण ने डीपीसीसी के वकील की इस दलील पर गौर किया कि पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम में संशोधन के कारण समिति के पास पर्यावरणीय जुर्माना लगाने की शक्ति नहीं है। इसमें कहा गया है, ''सीपीसीबी को इसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों या प्राधिकारी पर लगातार उल्लंघन पर पर्यावरणीय जुर्माना लगाने के मुद्दे की जांच करने और पांच सप्ताह के भीतर न्यायाधिकरण के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया जाना चाहिए।'' मामले की अगली सुनवाई छह अगस्त को होगी।

# केशवपुरम में मासूम भाई-बहन की हत्या, पिता गायब

**नई दिल्ली।** केशवपुरम थाना क्षेत्र के रामपुरा में दो मासूम भाई-बहन की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। लड़की की उम्र 13 व लड़के की 11 वर्ष है। दोनों बच्चों के शव घर के ग्राउंड फ्लोर पर अपने पिता की परचून की दुकान में मिले।

घटना के बाद से बच्चों का पिता गायब है। बताया जाता है कि पिता दोपहर में दोनों बच्चों को स्कूल से लेकर आया था। शाम तक बच्चे घर नहीं पहुंचे तो बच्चों की मां परचून की दुकान पर पहुंची। दुकान का शटर खुलवाया तो दोनों बच्चे मृत अवस्था में पाए गए। पुलिस को अंदेशा है कि बच्चों की हत्या जहर देकर या गला घोंटकर की गई है। बच्चों की हत्या के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। शनिवार शाम 7:09 मिनट पर पुलिस को इस घटना की कॉल मिली। पुलिस केशवपुरम के रामपुरा स्थित सैनी वाली गली में पहुंची। दोनों भाई बहन दुकान के ऊपर बने मकान में अपने माता पिता के साथ रहते थे। दोनों बच्चे रोज की तरह स्कूल गए थे, आमतौर पर दोपहर दो बजे तक स्कूल से घर लौट आते थे। शनिवार शाम तक बच्चे घर नहीं लौटे तो मां ने अपने पति को फोन लगाया। कई बार प्रयास के बाद भी पति से संपर्क नहीं हुआ तो वह ग्राउंड फ्लोर पर परचून की दुकान पर पहुंची। दुकान का शटर बंद पाया, इसके बाद उसने अपने रिश्तेदार को बुलाकर शटर खुलवाया तो दोनों बच्चे बेसुध हाल में मिले। इसके बाद बच्चों को दीपचंद बंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# फाइव स्टार होटल में चला रहे थे कैसिनो, 22 गिरफ्तार

**नई दिल्ली,एजेंसी।** क्राइम ब्रांच ने फाइव स्टार होटल के कमरे में चल रहे कैसिनो पर शनिवार देर रात छापा मारकर 22 लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें पांच आयोजक भी शामिल हैं। पुलिस ने यहां से 9.25 लाख रुपये, 160 कैसिनो टोकन, 16 पासा एवं 16 तास की गड्डी बरामद की है। डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि इंटरस्टेट सेल के एसआई आशीष को सूचना मिली थी कि फाइव स्टार होटल के कमरे में कैसिनो खेला जाता है। इस जानकारी के आधार पर इंस्पेक्टर कमल की देखरेख में एसआई आशीष और एसआई अंकित की टीम गठित की गई। टीम शनिवार-रविवार देर रात को फाइव स्टार होटल पहुंची, जहां मालूम हुआ कि दो कमरे बुक किए गये हैं। पुलिस जब कमरों में गई तो वहां 22 लोग मौजूद थे। इसमें आयोजक अतुल सैनी, सचिन सैनी, सन्नी, अरुण और अजित वहां मौजूद थे।

डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि दोनों कमरे अतुल सैनी के नाम पर बुक थे। अजित का चचेरा भाई सचिन सैनी की जिम्मेदारी कमरा बुक करने के साथ-साथ लोगों को खेलने के लिए बुलाने की थी। गिरोह का सरगना सचिन सिर्फ खास लोगों को नई जगह की सूचना व्हाट्सऐप के जरिए देता था। फिर व्हाट्सऐप पर मौके की लोकेशन भी साझा कर सूचना देता था। कैसिनो में आने वाले को कोड बताने पर ही प्रवेश मिलता था। अजित कुमार का काम खिलाड़ी बनकर लोगों के साथ जुआ खेलने का था। वहीं, अरुण पेशे से ट्रांसपोर्टर है और वह कैसिनो में मिले रुपये को ठिकाने लगाता था। सन्नी का सफदरजंग में जिम है। पूछताछ में मालूम हुआ कि अजित दो तरह से जुआ खेलता था। एक तरह में पासे को फेंकने के साथ-साथ कौन सा नंबर उपर आएगा, इसकी बाजी लगती थी। सही होने पर जीतने वाले को दोगुनी रकम मिलती थी और अन्य लोग हार जाते थे। वहीं, दूसरे में ताश के मनमाफिक पत्तों को निकालने का दांव खेला जाता था। इस सबमें रकम दोगुनी करने की बात की जाती थी।



# वीवो धन शोधन मामला: दिल्ली की अदालत ने तीन आरोपियों को जमानत दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने चीनी स्मार्टफोन निर्माता वीवो के खिलाफ धन शोधन मामले में तीन आरोपियों को जमानत दे दी है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश किरण गुप्ता ने एक मई को पारित आदेश में भूपिंदर कौर, गगनदीप सिंह और वेइगांग वांग को राहत दी। न्यायाधीश ने आंध्र प्रदेश में रहने वाले वांग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पी के दुबे की दलीलों को स्वीकार कर लिया कि जांच के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया था। मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोप पत्र पर संज्ञान लेते समय न्यायाधीश द्वारा जारी समन के अनुपालन में आरोपी अदालत में पेश हुए थे। दुबे ने अदालत को बताया कि जांच पहले ही पूरी हो चुकी है और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। न्यायाधीश ने कहा कि ऐसा कोई आरोप नहीं है कि आरोपी जांच के दौरान शामिल नहीं हुए या सहयोग नहीं किया। न्यायाधीश ने तीनों आरोपियों की ज़मानत अर्जियों को स्वीकार कर लिया। ईडी ने जमानत याचिकाओं का विरोध करते हुए दावा किया था कि आरोपियों के भागने का खतरा है और उनके खिलाफ आरोप गंभीर प्रकृति के हैं। ईडी ने चीनी नागरिकों और कई भारतीय कंपनियों से जुड़े एक बड़े धन शोधन गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया था। ईडी ने आरोप लगाया था कि भारत में कर के भुगतान से बचने के लिए वीवो द्वारा 62,476 करोड़ रुपये की राशि 'अवैध रूप से' चीन भेजी गई थी।

# एनसीआरटीसी का पहला ईवी चार्जिंग स्टेशन साहिबाबाद आरआरटीएस में शुरू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) का पहला इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन गाजियाबाद के साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन में चालू हो गया है। रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि साहिबाबाद क्षेत्रीय त्वरित परिवहन प्रणाली (आरआरटीएस) स्टेशन के गेट नंबर-1 पर स्थित नया ईवी चार्जिंग स्टेशन विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रिक वाहनों से संबंधित चार्जिंग इकाइयों की एक विस्तृत श्रृंखला है। बयान में कहा गया कि इससे लोग 'फास्ट चार्जिंग' सुविधा के माध्यम से केवल एक घंटे में अपने चार पहिया वाहनों को चार्ज कर सकते हैं। इसमें कहा गया कि लोग अपने चार पहिया वाहनों को तीन घंटे में और दोपहिया वाहनों को डेढ़ घंटे में चार्ज करने के लिए स्टेशन पर धीमी चार्जिंग सुविधा का भी उपयोग कर सकते हैं। बयान में कहा गया कि निकट भविष्य में ईवी चार्जिंग सुविधाओं को गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, दुहाई डिपो, मुरादनगर, मोदीनगर दक्षिण और मोदीनगर उत्तर सहित अन्य परिचालन आरआरटीएस स्टेशनों तक बढ़ाया जाएगा।

# पीजी आवेदन प्रक्रिया को लेकर वेबिनार श्रृंखला आज से

**शबाना बेगम,सद्भावना टुडे**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के स्नातकोत्तर में दाखिला प्रक्रिया को लेकर सोमवार आज से वेबिनार श्रृंखला शुरू होगी। इसमें पीजी प्रोग्राम के लिए पोर्टल पर पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों को कॉलेज व विभाग के चयन की जानकारी दी जाएगी। यह वेबिनार छात्रों के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए आयोजित होगा। छात्रों के लिए आयोजित होने वाली वेबिनार श्रृंखला तीन दिन तक चलेगी। इसमें छात्रों की प्रवेश व आवेदन समेत अन्य समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

विश्वविद्यालय ने प्रवेश प्रक्रिया के दौरान छात्रों की कठिनाइयों को कम करने व प्रश्नों के साथ मदद करने के लिए वेबिनार आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसमें छात्रों के सामने आ रही परेशानी का हल भी बताया जाएगा। पंजीकरण प्रक्रिया, आवेदन प्रक्रिया व फॉर्म को भरने और जमा करने से जुड़े सवालों की जानकारी दी जाएगी। इसे लेकर विश्वविद्यालय ने तैयारी कर ली है। इसमें शिक्षकों के साथ विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। इस वेबिनार में बड़ी संख्या में छात्रों के जुड़ने की संभावना है। वेबिनार में कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम फॉर्म भरने, सही प्रमाण पत्र या दस्तावेज अपलोड करने, आरक्षण नीतियों और अन्य महत्वपूर्ण बातों से संबंधित प्रश्न शामिल होंगे, जिन्हें उम्मीदवारों को एक कार्यक्रम और एक कॉलेज का चयन करने से पहले ध्यान में रखना चाहिए। पीजी प्रोग्रामों के लिए पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 25 मई है। बीते साल की तरह सीट का आंवटन कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) के माध्यम से किया जाएगा। बता दें पीजी में दाखिला प्रक्रिया शुरु हो गई है। इस बार शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 82 स्नातकोत्तर कोर्सेज (पीजी) की 13500 सीटों पर दाखिले होंगे। जो भी इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार पीजी कोर्स के लिए दाखिला लेना चाहते हैं, तो वे आधिकारिक वेबसाइट के जरिए आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश शाखा से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसमें छात्र विश्वविद्यालय के यूट्यूब चैनल से जुड़ सकते हैं। यह वेबिनार द्विभाषीय मोड पर आयोजित होगा। दाखिला प्रक्रिया के दौरान आवेदकों को सहायता प्रदान करने के लिए हेल्प डेस्क सुविधाएं स्थापित की हैं।




# दिल्ली में सातों सीटें बड़े अंतर से जीतेंगे- भजनलाल शर्मा

**नई दिल्ली।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला कार्यालय में समीक्षा बैठक में रविवार को कहा कि दिल्ली में उनकी पार्टी सभी सातों सीटें बड़े अंतर से जीतेंगी और 'प्रधानमंत्री नेरन्द्र मोदी के विजन और कार्यकर्ताओं की मेहनत से 400 पार करेगी।

श्री शर्मा ने आज यहां कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा, वर्ष 2014 के पश्चात गरीब कल्याण एवं विकास की योजनाएं, सीमाओं की सुरक्षा, दुनिया में भारत का बढ़ता गौरव, आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्ति होते आम जनता ने देखा है। वर्ष 2014 से पहले क्या हुआ करता था ये भी जनता ने देखा है। जनता में ये विश्वास है कि अगर देश को कोई आगे बढ़ा सकता है तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही हैं। इसलिए मैं कह सकता हूं, हमारा कार्यकर्ता भी पूर्ण रूप से विश्वास के साथ जनता के बीच जाकर बात करता है। मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं को जो भी दायित्व देते हैं, वे उसे पूरा करते हैं। कार्यकर्ता पूरे मन से लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पूरी मेहनत से लगे हुए हैं। यह देखकर मैं कह सकता हूं कि 'मोदी जी का विजन और कार्यकर्ताओं की मेहनत' से हम 400 पार करेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थानी प्रवासी हमेशा राष्ट्रवाद, संस्कृति एवं विचार से जुड़ा हुआ है और अपनी माटी को वे भूले नहीं हैं। दिल्ली में ही नहीं पूरे देश में प्रवासी राजस्थानियों की गूंज है। राष्ट्रवाद की विचारधारा से जुड़कर राजस्थानी प्रवासी हमेशा प्रदेश के गौरव को बढ़ाने का काम करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा संस्कारित पार्टी है, बाकी कांग्रेस और विपक्षी दल जातिगत एवं पारिवारिक पार्टियां हैं, उनका स्वयं का एजेंडा है, उनके एजेंडे व्यक्तिगत स्तर पर होते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षियों की कोई उपलब्धि नहीं है।

# दिल्ली के गांधी नगर में गैस रिफिलिंग के दौरान हुआ हादसा, दुकानदार झुलसा

**नई दिल्ली।** गांधी नगर इलाके में एक दुकान में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करते हुए हादसा हो गया। धमाका होने से रिफिलिंग कर रहा दुकानदार मामूली झुलस गया। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां व पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को डॉ. हेडगेवार अस्पताल में भर्ती करवाया गया। गांधी नगर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि रविवार सुबह सूचना मिली थी कि गांधी नगर में एक दुकान में एलपीजी के बड़े से छोटे सिलेंडर में गैस रिफिलिंग करते हुए एक दुकानदार झुलस गया है। सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंची। गैस रिसाव की वजह से धमाका हुआ था, सिलेंडर नहीं फटा था। दुकान में आग नहीं लगी थी। निगम व प्रशासन से अवैध रिफिलिंग सेंटर पर कार्रवाई करने के लिए कहा जाएगा। यमुनापार में रिहायशी क्षेत्रों में प्रशासन व पुलिस की नाक के नीचे धड़ल्ले से गैस रिफिलिंग सेंटर चल रहे हैं। कई हादसे होने के बाद भी सरकारी विभागों के अधिकारियों की नींद टूटने को तैयार नहीं है। करावल नगर, विश्वास नगर, त्रिलोकपुरी, गांधी नगर, कांति नगर, सीलमपुर, कल्याणपुरी, मयूर विहार, मंडावली, नंद नगरी गीता कालोनी सहित अन्य जगह गैस रिफिलिंग सेंटर चल रहे हैं। रिफिलिंग करने वालों में किसी तरह का डर नजर नहीं आता। कार्रवाई के लिए कोई तैयार नहीं है।

# सड़क हादसे में बुजुर्ग महिला की मौत

**नई दिल्ली।** सीमापुरी इलाके में सड़क हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत होगई। मृतका शकीना (60) है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आस-पास में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी वाहन चालक की तलाश कर रही है। शाहदरा जिला डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि रविवार सुबह लगभग 5.26 बजे पीसीआर कॉल प्राप्त हुई कि सीमापुरी डिपो, एफ ब्लॉक के सामने, दुर्घटना में एक महिला की मृत्यु हो गई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सुरक्षित शवगृह में रखवा दिया है। शकीना परिवार के साथ कलंदर कालोनी में रहती थी। उसके परिवार में तीन बेटी है। वह उनके पास ही रहती थी। सुबह के समय वह इलाके में भीख मांगने के लिए जा रही थी, जैसे ही वह सीमापुरी इलाके में रोड पार कर रही थी। तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिसकी मौके पर ही मौत होगई। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर सुरक्षित शवगृह में रखवा दिया है और पुलिस आस-पास में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी वाहन चालक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# दिल्ली पुलिस ने नकली मसाले बनाने की दो निर्माण इकाइयों का किया भंडाफोड़

**शहनवाज़ सैफ, सद्भावना टुडे संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की साइबर सेल ने करावल नगर में नकली मसाले बनाने की दो निर्माण इकाइयों का भंडाफोड़ किया है। निर्माण इकाइयों का नजारा देख टीम की आंखें भी फटी रह गई। यहां आरोपितों द्वारा सड़े हुए चावल, सड़े जामुन, लकड़ी के बुरादे, साइट्रिक एसिड और चोकर आदि मिलाकर मसाले बनाए जा रहे थे। अपराध शाखा ने इन नकली मसालों की दिल्ली-एनसीआर में आपूर्ति करने वाले दो निर्माताओं और एक आपूर्तिकर्ता को गिरफ्तार करते हुए दो निर्माण इकायों, मशीनें, टेंपो और अन्य उपकरण जब्त किए हैं। मौके से कुल 15 टन मिलावटी मसाले और कच्चा माल बरामद किया गया है। मसालों की सप्लाई खरी बावली और सदर बाजार के साथ ही दिल्ली-एनसीआर के अन्य बाजारों में बड़ी मात्रा में की जाती थी, जिसकी जांच चल रही है। दोनों आरोपित 2021 से मसालों की निर्माण इकाई चला रहे थे।

अपराध शाखा, साइबर सेल डीसीपी राकेश पावरिया ने बताया कि साइबर सेल, अपराध शाखा की टीम को मिलावटी मसालों के निर्माता और आपूर्तिकर्ताओं पर निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। टीम को सूचना मिली थी कि उत्तर पूर्वी दिल्ली में कुछ निर्माता विभिन्न ब्रांडों के नाम पर मिलावटी मसालों के निर्माण और दिल्ली-एनसीआर में उसकी बिक्री में शामिल हैं। एक मई को करावल नगर में दो निर्माण इकाइयों के चलने की जानकारी मिली। सूचना पर छापा मारा गया। यहां आरोपित दिलीप सिंह उर्फ बंटी और खुर्शीद मलिक मौजूद मिले। दिलीप यह निर्माण इकाई चला रहा था और बड़ी मात्रा में एसिड, तेल आदि का उपयोग कर मिलावटी हल्दी बना रहा था। पूछताछ में दिलीप सिंह ने बताया कि निर्माण इकाई का मालिक है। खुर्शीद मलिक ने बताया कि वह इन मसालों का आपूर्तिकर्ता है। इकाई का निरीक्षण करने पर मिलावटी मसाले यानी हल्दी पाउडर, गरम मसाला पाउडर, अमचूर पाउडर और अन्य कच्चे माल यानी सड़े हुए चावल, सड़े हुए नारियल, नीलगिरी के पत्ते, सड़े हुए जामुन, लकड़ी की धूल, साइट्रिक एसिड, चोकर, सूखी मिर्च के सिर वहां रंग रसायन आदि पाया गया। मौके पर खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम को बुलाया गया और टीम ने यहां पहुंच मिलावटी मसालों के नमूने लिए। आगे की पूछताछ में पता चला कि एक अन्य निर्माण इकाई काली खाता रोड, करावल नगर में भी चल रही है। दोनों की निशानदेही पर वहां छापा मारा गया और सरफराज नाम के व्यक्ति को मिलावटी मसाले बनाते हुए पकडा गया।



**दोनो निर्माण इकाई से कुल 7, 105 किलोग्राम मिलावटी मसाले मिले**

हल्दी पाउडर 3300 किलोग्राम
गरम मसाला पाउडर 115 किलोग्राम
अमचूर पाउडर 1450 किलोग्राम
धनिया पाउडर 2240 किलोग्राम
7, 215 किलोग्राम कच्चा माल बरामद
सड़े हुए चावल 1050 किलोग्राम
सड़ा हुआ बाजरा 200 किलोग्राम
सड़े हुए नारियल 6 किलोग्राम
धनिया के बीज 720 किलोग्राम

# गंगा-जमुनी संस्कृति पर चोट करते तल्खी के बोल

**श्याम सरन**

भारत की अपार विविधता इसकी मजबूत हकीकत है। कोई राजनीतिक दल, भले ही कितना ताकतवर और किसी विचारधारा विशेष से चालित हो, वह इसको एकांगी रंग में रंगने में सफल नहीं हो पाएगा। हमारी संस्कृति साझापन लिए है, लेकिन जोर साझेदारी के पहलू पर है न कि पालना में। यह चौरास्तों की संस्कृति है, जिसने हजारों सालों के दौरान विविध प्रभावों के सुमेल से वजूद पाया है। जहां भौगोलिक रूप से यह भूभाग थलीय काफिला-मार्गों का चौराहा है, जो मध्य एशिया से होकर आगे भूमध्य सागर तक जाते थे। वहीं इसके सुदूर दक्षिणी छोर के बंदरगाह हिंद महासागर के पूरबी और पश्चिमी छोरों को जोड़ने का काम करते रहे। जिस प्रकार भारतीय धर्म और राजनीतिक विचार, भाषाएं, कला और वास्तुकला का प्रवाह इस उप-महाद्वीप से निकल दूसरे देशों में फैला, ठीक इसी तरह उन मुल्कों का प्रभाव भी समस्त भारतवर्ष पर बना। नाना देशों से आई विविध खूबियां भारतीय संस्कृति और इसके लोगों के स्वभाव में रच-बस गईं और जन्मजात महानगरीय संस्कृति विरासत में मिलती गई, यह विशेषता भारतीयों को विश्वभर में सबसे अधिक अनुकूलनशील बनाती है। देखा जाए, हम संसार के मूल वैश्विक नागरिक हैं। जब भारत ने पिछले साल सितम्बर माह में जी-20 शिखर सम्मेलन आयोजित किया था तो इसका आदर्श वाक्य वसुधैव कुटुम्बकम ? था, जो हमारी इस खूबी को सबसे अच्छी तरह परिभाषित करता था। लेकिन किसी के लिए समस्त विश्व को गले लगाने की शुरुआत पहले अपने देश के लोगों को बांहों में भरने से होनी चाहिए। यह भी एक कारण है कि क्योंकर संविधान की पूर्व-प्रस्तावना में जितना अधिमान आज़ादी और समानता को दिया गया है उतना ही बंधुत्व को भी। भारत जैसे विविधता भरे मुल्क के लिए बंधुत्व की अहमियत खासतौर पर है। यह आपसी प्यार की भावना का निर्माण करता है जो विविध जातियों, प्रजातियों या सम्प्रदायों और उनकी जीवनशैली के बीच अंतर के प्रति एक-दूसरे को सहिष्णु बनाता है। यह बंधुत्व ही है जो हमारी राष्ट्रीयता की असल नींव है। यह साझा हित एवं साझा राष्ट्रीय मिशन का लक्ष्य पाने में संबद्धता एवं संलग्नता बनाता है।




संविधान का स्वरूप बनाने वालों को पता था कि भारतीय राष्ट्रवाद का निर्माण इसके लोगों की बहुरंगी पहचान को मान्यता देकर होगा है न कि दबाकर। तथापि, अंतिम विश्लेषण में, वे पूरी तरह आश्वस्त न थे कि क्या भारतीय लोग अपनी अलग पहचान का संतुलन समान नागरिकता के अति महत्वपूर्ण सिद्धांत से सही ढंग से बैठा पाएंगे या नहीं। अपने अंतिम (मौजूदा) रूप में आते-आते और समय-समय पर हुए संशोधनों और विधायिका द्वारा पारित कानून धीरे-धीरे राज्यसत्ता को नागरिक अधिकारों की एवज पर बलपूर्वक मनमर्जी चलाने की ताकत से लैस करते गए। राज्यसत्ता किन्हीं पहचान रखने वालों की निरंकुशता चलने देने और अन्यों के मामले में दमन करने वाला पक्षपाती रुख रखने लगी, वह जो मौके के मुताबिक राजनीतिक हित स्वार्थ साधने में सबसे उपयुक्त हो। किन्हीं विशेष पहचान वालों पर राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की आड़ में दमन तो वहीं दूसरों (अपने लोगों) को राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के नाम पर प्रोत्साहित करना और यहां तक कि वैधता देना। राज्यसत्ता ने मीडिया और सूचना चैनलों पर नियंत्रण और प्रभाव बना लिया ताकि कुछ सम्प्रदायों को खलनायक तो अपने वाले को श्रेष्ठ बनाकर पेश किया जा सके। ऐसा होने पर, राजनीतिक भड़काऊ भाषण वक्त की रणनीति का पूरक बन जाते हैं। इस प्रकार के नफरती बोल अक्सर ऊंचे उन्मादी सुर में चिल्ला-चिल्ला कर कहे जाते हैं ताकि अन्य सभी तार्किक मुद्दे डूब जाएं। लोकतंत्र में, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाना एक अभिन्न अंग है, लेकिन यही काफी नहीं। एक स्वतंत्र मीडिया और एक जीवंत सिविल सोसायटी आम नागरिक के अधिकारों पर राज्यसत्ता के निरंकुश व्यवहार से रोकने में प्रहरी का काम करते हैं। वे नागरिकों की ओर से राज्यसत्ता से सवाल करते हैं और लोगों को सूचना का वैकल्पिक साधन मुहैया करवाते हैं। एक सशक्त और स्वतंत्र न्यायपालिका की भूमिका भी यही है। इतिहास में, ऐसे मामले हैं जब राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता की दलीलों का इस्तेमाल स्वतंत्र संस्थानों, विरोध का सुर उठाने वालों और अतंत: राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर राष्ट्रविरोधी होने का ठप्पा लगाकर, उन्हें गैर-कानूनी बनाने में किया गया। भारत अपने 18वें आम चुनाव के मतदान चरणों से गुजर रहा है। यह गर्व की बात है कि विगत में देश हर पांच साल में अभूतपूर्व पैमाने के चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न करवाता आया है और विजयी पक्ष को सत्ता का हस्तांतरण बिना हिंसा या चुनौती के निर्विघ्न होता रहा। एक स्वतंत्र चुनाव आयोग सुनिश्चित करता है कि तमाम राजनीतिक दल और राजनेता अपने चुनावी अभियानों में नियमों में बंधकर ही वोट मांगेंगे। उम्मीद की जाती है कि उम्मीदवार धर्म, जाति या समुदाय का इस्तेमाल वोटें पाने में नहीं करेंगे। परंतु मौजूदा चुनाव प्रचार में कुछ राजनीतिक दल और नेताओं के जहरीले बोल तमाम हदें लांघ रहे हैं। भाषणों में सरेआम संप्रदाय विशेष के नागरिकों के विरुद्ध अत्यंत असभ्य और लांछित करने वाले हमले हो रहे हैं। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर बार-बार राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप उछाले जा रहे हैं। मतदाता को भ्रमित करने के लिए यह भ्रामक सूचना और सफेद झूठ की बनी धुंध बनाने जैसा है। कहने को वे वसुधैव कुटुम्बकम ? की बात करते हैं लेकिन फिर भी खुलेआम हमारे नाज़ुक सामाजिक ताने-बाने में खतरनाक दरारें पैदा कर रहे हैं। जैसा मैंने ऊपर भी लिखा और फिर से दोहरा रहा हूं— हिंदू-मुस्लिम रार डालकर स्थाई राष्ट्रीय एकता नहीं बनाई जा सकती। भारतीय अल्पसंख्यकों के खिलाफ आक्रामक और धमकी भरे भाषणों को महज चुनावी तेवर कहकर रफा-दफा करना आसान है, मान लेना कि चुनाव खत्म होने के बाद स्वयं भाप बनकर उड़कर जाएंगे, यह सच नहीं है। जो चोट और भय का माहौल पीछे छोड़ा जाएगा, वह चुनाव उपरांत लंबे समय तक सुलगता रहेगा। मुख से निकले बोल वापस नहीं आते। नुकसान हो चुका है। जैसा कि कविवर रहीम ने अपने मशहूर दोहे में कहा है : रहिमन जिव्हा बावरी, कह गई सुरग पातालज आपु तो कहीं भीतर रहे, जूती खाए कपाल। (अर्थात ? मेरी बेलगाम जुबान ने धरती से पाताल तक जितना झूठ बोल डाला, खुद तो मुख में छिपी रही, जूते खाने पड़े खोपड़ी को)। चुनावी बड़बोलापन सभ्य तरीके की हदों के भीतर बना रहे। राजनीतिक ताकत हासिल करने की कोशिशें नैतिकता की कीमत पर नहीं हो सकती, वर्ना यह हरकत देश और सामाजिक ताने-बाने को विघटन की खतरनाक राह पर धकेल देगी। यह सब अपने देश को लेकर गहन चिंता की भावना से लिखा जा रहा है, वह जिसकी अतुलनीय विविधताओं को अपने भीतर समाने और जीवंत लोकतंत्र की सततता बनाए रखने का सामर्थ्य पर हम नाज़ करते आए हैं और दुनिया ईर्ष्या। यह हमारा सबसे कीमती आभूषण है, जो सदियों में पाई विविध खूबियों के रत्नों से जड़ा है और अब सदा के लिए इसके खोने का खतरा मंडरा रहा है। यह वह खजाना है जो लुट-पिट गया तो कोई भावी विश्वगुरु दुबारा फिर इकट्ठा न कर पाएगा।

जिसके फलस्वरूप 700 से भी ज्यादा हथियारबंद युवाओं ने आत्मसमर्पण कर दिया। यह समझौता इस मायने में ऐतिहासिक है कि उल्फा उग्रवाद से राज्य को बहुत नुकसान हुआ, हत्याओं का दौर चला और बंदूकें गरजती रहीं। दोनों ओर से लोग मारे जाते रहे। लेकिन अब इस समझौते ने शांति का द्वार खोला है और असम की प्रगति का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। केन्द्र सरकार वहां घुसपैठिया समस्या से निपटने के लिए कई तरह के कदम उठा रही है और उसमें काफी सफलता भी मिली है। इन सबसे राज्य में शांति आई है और राज्य सरकार के लिए कामकाज करना आसान हो गया है। पिछले साल मार्च में केन्द्रीय गृहमंत्री ने घोषणा की थी कि अफस्पा को एक जिले से हटा दिया गया है और अब सशस्त्र बलों को उस इलाके में अब खुली छूट नहीं है। यानी कि वे भी किसी भी तरह की हिंसात्मक घटना के लिए जिम्मेदार होंगे। पहले उन पर मुकदमे वगैरह नहीं चलाए जा सकते थे। असम में दो और समझौते हुए। एक था असम-मेघालय सीमा समझौता और दूसरा कार्बी-आंगलोंग समझौता। इन समझौतों ने राज्य में दीर्घकालीन शांति और समृद्धि के लिए एक मार्ग प्रशस्त किया है। असम के मध्य में स्थित, कार्बी आंगलोंग राज्य का सबसे बड़ा ज़िला है और नृजातीय तथा आदिवासी समूहों- कार्बी, डिमासा, बोडो, कुकी, हमार, तिवा, गारो, मान (ताई बोलने वाले), रेंगमा नागा संस्कृतियों का मिलन बिंदु है। इसकी विविधता ने विभिन्न संगठनों को भी जन्म और उग्रवाद को बढ़ावा दिया। जिसने इस क्षेत्र को विकसित नहीं होने दिया। कार्बी असम का एक प्रमुख जातीय समूह है, जो कई गुटों और इनके भागों से घिरा हुआ है।

# शांति प्रयासों से खुलती विकास की राहें

**मधुरेन्द्र सिन्हा**

आजादी के दशकों बाद भी पूर्वोत्तर में उग्रवाद खत्म नहीं हुआ। कई हिंसक गुट खून-खराबे पर उतरते रहे और इस सुरम्य क्षेत्र की शांति को भंग करते रहे। सरकारें कोई ठोस कदम नहीं उठा पाईं और अशांति बनी रही। लेकिन इसके बाद केन्द्र सरकार की नीतियां बदलीं और कई सार्थक परिणाम देखने में आये। असम जैसे राज्य में, जहां घुसपैठियों के कारण हालत खराब रहे और लंबे समय से अशांति रही, वहां आशातीत सफलता मिली। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की पहल पर जनवरी, 2020 को दिल्ली में दशकों पुरानी बोडो समस्या के समाधान के लिए त्रिपक्षीय समझौता किया गया। इसमें भारत सरकार, असम सरकार और बोडो आंदोलन से जुड़े उग्रवादी समूहों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। यह समझौता इतना कारगर रहा कि लगभग 1500 सशस्त्र आंदोलनकारियों ने हथियार डाल दिये। यह एक अभूतपूर्व समझौता था। जिसके चलते असम शांत हो गया है और वहां प्रगति होती दिखाई दी। दिसंबर, 2023 में असम में उल्फा उग्रवादियों के साथ भी केन्द्र सरकार ने एक निर्णायक समझौता किया। जिसने भविष्य में शांति की गहरी उम्मीद जताई है। केंद्रीय गृहमंत्री ने इसमें व्यक्तिगत रुचि दिखाई और इस समझौते पर सरकार और उग्रवादी संगठन ने हस्ताक्षर किये।



जिसके फलस्वरूप 700 से भी ज्यादा हथियारबंद युवाओं ने आत्मसमर्पण कर दिया। यह समझौता इस मायने में ऐतिहासिक है कि उल्फा उग्रवाद से राज्य को बहुत नुकसान हुआ, हत्याओं का दौर चला और बंदूकें गरजती रहीं। दोनों ओर से लोग मारे जाते रहे। लेकिन अब इस समझौते ने शांति का द्वार खोला है और असम की प्रगति का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। केन्द्र सरकार वहां घुसपैठिया समस्या से निपटने के लिए कई तरह के कदम उठा रही है और उसमें काफी सफलता भी मिली है। इन सबसे राज्य में शांति आई है और राज्य सरकार के लिए कामकाज करना आसान हो गया है। पिछले साल मार्च में केन्द्रीय गृहमंत्री ने घोषणा की थी कि अफस्पा को एक जिले से हटा दिया गया है और अब सशस्त्र बलों को उस इलाके में अब खुली छूट नहीं है। यानी कि वे भी किसी भी तरह की हिंसात्मक घटना के लिए जिम्मेदार होंगे। पहले उन पर मुकदमे वगैरह नहीं चलाए जा सकते थे। असम में दो और समझौते हुए। एक था असम-मेघालय सीमा समझौता और दूसरा कार्बी-आंगलोंग समझौता। इन समझौतों ने राज्य में दीर्घकालीन शांति और समृद्धि के लिए एक मार्ग प्रशस्त किया है। असम के मध्य में स्थित, कार्बी आंगलोंग राज्य का सबसे बड़ा ज़िला है और नृजातीय तथा आदिवासी समूहों- कार्बी, डिमासा, बोडो, कुकी, हमार, तिवा, गारो, मान (ताई बोलने वाले), रेंगमा नागा संस्कृतियों का मिलन बिंदु है। इसकी विविधता ने विभिन्न संगठनों को भी जन्म और उग्रवाद को बढ़ावा दिया। जिसने इस क्षेत्र को विकसित नहीं होने दिया। कार्बी असम का एक प्रमुख जातीय समूह है, जो कई गुटों और इनके भागों से घिरा हुआ है। कार्बी आंगलोंग ज़िले के विद्रोही समूह जैसे पीपुल्स डेमोक्रेटिक काउंसिल ऑफ कार्बी लोंगरी (पीडीसीके), कार्बी लोंगरी एनसी हिल्स लिबरेशन फ्रंट (केएलएनएलएफ) वगैरह एक अलग राज्य बनाने की मांग कर रहे थे। यह एक महत्वपूर्ण समझौता है जो हिंसा को समाप्त करने में मदद करेगा। यहां पर स्थानीय जनता को कुछ विधायी अधिकार देने का भी प्रस्ताव है। केन्द्र सरकार ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि पूर्वोत्तर से धीरे-धीरे सशस्त्र बल सुरक्षा कानून को हटाती जायेगी क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में यहां की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। नगालैंड, जो कभी उग्रवाद का केन्द्र था, अब बेहद शांत हो गया है। कानून-व्यवस्था की स्थिति में वहां काफी सुधार हुआ है। नागा युवा अब राष्ट्र की मुख्य धारा में प्रवेश करते जा रहे हैं। पूर्वोत्तर के ज्यादातर बाशिंदे आदिवासी हैं और उनमें भी ज्यादातर लड़ाकू जातियों से हैं। वे दूसरों को अपने पर हावी होने देना नहीं चाहते और जरूरत पड़ने पर हिंसा करते हैं। नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, असम वगैरह राज्यों में ऐसा कई बार हुआ। यहां पर राज्य सरकार के अलावा केन्द्र सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। उसे न केवल शांति बनाये रखना होता है बल्कि पीड़ितों के लिए समुचित व्यवस्था भी करनी होती है। ब्रू-रियांग समझौता इस दिशा में एक ऐतिहासिक समझौता रहा, जो त्रिपुरा में मिजोरम से भागकर आये हुए अल्पसंख्यक ब्रू आदिवासियों के हित में किया गया। दरअसल मिजोरम में उनके विरुद्ध हिंसा के कारण लगभग 5,000 परिवार भागकर उत्तरी त्रिपुरा चले गये थे। वहां वे बस गये लेकिन कई तरह की समस्याएं खड़ी हो गईं। इसके बाद वर्ष 2020 में केन्द्र सरकार, मिजोरम सरकार, ब्रू समुदाय के नेताओं और त्रिपुरा के बीच एक समझौता हुआ। जिसे ब्रू-रियांग समझौता कहा जाता है। इसे कार्यान्वित करने में केन्द्र सरकार की बड़ी भूमिका रही। केन्द्र ने इसके लिए 621 करोड़ रुपये खर्च करने का वादा किया ताकि वे आर्थिक रूप से मजबूत हो जायें। इस ऐतिहासिक समझौते से दो राज्यों में शांति का मार्ग प्रशस्त हुआ। त्रिपुरा में ही एक और समझैता हुआ। वह था नेशनल लिब्रेशन फ्रंट का। इस उग्रवादी संगठन से बातचीत करके केन्द्र सरकार और त्रिपुरा सरकार ने समझौते की शर्तों का प्रारूप तैयार किया। इससे त्रिपुरा में उग्रवाद पर अंकुश लगा। केन्द्र ने बहुत ही लचीलेपन से इस समझौते को अंजाम दिया। जिसके सार्थक परिणाम देखने में आए। पहले की सरकारों ने समस्याओं के राजनीतिक समाधान कम और सैन्य समाधान पर ज्यादा जोर दिया। पिछले कई सालों से स्थितियां बदलती जा रही हैं। केन्द्र सरकार के प्रयासों से काफी शांति हुई है और ये राज्य प्रगति के रास्ते पर तेजी से चलने में समर्थ हो रहे हैं।

## विचार

# विवाह भारतीय समाज की मजबूती का आधार

**हृदयनारायण दीक्षित**

आधुनिक सभ्यता के प्रभाव शुभ नहीं हैं। जीवन के सभी आयामों में आधुनिकता का बुरा प्रभाव पड़ रहा है। परिवार खूबसूरत संस्था है। लेकिन आधुनिकता की चपेट में है। वस्तुत: आधुनिकता प्राचीनता का ही हिस्सा है और उसी का विकास है। भारत प्राचीन सभ्यता है। इस सभ्यता का सतत् विकास हुआ है। आधुनिकता और प्राचीनता को खण्डों में नहीं बांटा जा सकता। प्राचीन सभ्यता से विकसित होकर बनने वाली आधुनिकता स्वागत योग्य है। लेकिन वर्तमान भारत की आधुनिकता में विदेशी सभ्यता की वरीयता है। यह प्राचीन भारतीय सभ्यता, दर्शन और अनुभूति को पिछड़ापन मानती है। उधार की विदेशी आधुनिकता ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों को कुप्रभावित किया है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले ही भारत की संस्कृति और सभ्यता का विकास हो चुका था। भारतीय सभ्यता में परिवार आत्मीय संगठन थे। परिवार के सभी सदस्यों के एक साथ रहने और रमने के सूत्र आज भी दिखाई पड़ते हैं। विवाह पवित्र सामाजिक संस्कार है। इसके विकास में काफी समय लगा होगा। यह सतत् प्रवाहमान सामाजिक विकास का परिणाम है। विवाह ही प्राचीन समाज की मजबूती का आधार रहे हैं। वे स्त्री और पुरुष के बीच नेह बंधन में बंधे हुए थे। अब उधार की आधुनिकता ने लिव इन नाम का दुखद दृश्य प्रस्तुत किया है। लिव इन दोनों को संताप में रखता है। भारतीय समाज परिवारों में ही विकसित हुआ है। परिवार के सभी सदस्यों के सुख-दुख एक समान रहे हैं। सब साथ साथ रहते थे। साथ-साथ उत्सव मनाते थे। वरिष्ठ नई पीढ़ी के साथ आनंदित रहते थे। वृद्ध ऐसे परिवारों के संचालक, नीति निर्माता और मुखिया रहे हैं। लेकिन उधारू सभ्यता के कारण परिवार के सदस्यों के मध्य अंतर्संवाद व अंतर्संगीत नहीं है। सब अलग-अलग रहना चाहते हैं। उधार की विदेशी आधुनिकता के कारण उपयोगितावाद मार्गदर्शी हो रहा है।

जीवन की सांझ में वृद्ध उपयोगी नहीं दिखाई पड़ते। वृद्ध अकेले हैं। माता-पिता और अन्य वरिष्ठ प्राचीन भारतीय सभ्यता में आदरणीय रहे हैं। आधुनिक विदेशी सभ्यता के प्रभाव में परिवार के वरिष्ठ जनों का आदर घटा है। वृद्धों की सेवा पुत्रों-पौत्रों का दायित्व है। परिवार के सदस्य वरिष्ठों को घर में छोड़कर अलग रहते हैं। वृद्ध उपयोगी नहीं हैं। वे स्वयं अपना शरीर भी नहीं संभाल पाते। शारीरिक जीर्णता के साथ मानसिक संताप भी जुड़े हैं। वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं। संवेदनाएं कुचालक हो गई हैं। परस्पर आत्मीयता घटी है। पश्चिम की सभ्यता आधुनिकता बनकर समाज तोड़ रही है। ऐसी सभ्यता से जुड़े विद्वान भारत में स्त्री की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। ऋग्वेद में विवाह नाम के उत्सव का वर्णन बार-बार पठनीय है। ऋग्वेद (10.85) में सूर्य पुत्री सूर्या के विवाह का रोचक वर्णन है। सूर्य प्रकृति की विराट शक्ति हैं। आराध्य हैं। यहां उनकी पुत्री के विवाह का उत्सव वर्णन है। यह वर्णन निरा काल्पनिक नहीं हो सकता। ऋग्वेद में विवाह के समय वर कहता है, हे वधू सौभाग्य वृद्धि के लिए मैं आपका हाथ ग्रहण करता हूं। तुम मेरे साथ सदा रहना। अग्नि देवता के चारों ओर सात चक्कर लगाने की परम्परा सप्तपदी में भी है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने इसी सप्ताह सप्तपदी को अनिवार्य बताया है। विवाह के पहले पिता का घर ही कन्या का निवास होता है। विवाह के समय ऋषि आशीष देते हैं, हम आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं और पतिकुल से सम्बद्ध करते हैं। स्तुति है कि,हे इंद्र यह वधू सौभाग्यशाली हो। पश्चिम प्रभावित भारतीय विद्वान नोट कर सकते हैं कि वैदिक काल में नारी की स्थिति कार्यपालक अधिकारी जैसी है। ऋग्वेद में कहते हैं,यह नारी पूरे परिवार की प्रतिष्ठा वृद्धि करने वाली हो। देवों से स्तुति है कि, इसे संतति युक्त सौभाग्यशाली बनाएं। फिर सामूहिक आशीर्वाद देते हैं, आप सास, ससुर, ननद व देवर की साम्राज्ञी बनें। पूरे परिवार की स्वामिनी बनें। प्राचीन काल में स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं। युद्ध साधारण कर्म नहीं है। ऋग्वेद में विप्सला नाम की महिला के पैर टूटने का विवरण है। अश्विनी देवताओं ने टूटे पैर की जगह किसी धातु का कृत्रिम पैर लगाया था। इसी तरह एक महिला मुदग्लानी की भी वीरता का उल्लेख है। वैदिक काल की इसी परम्परा के दर्शन रामकथा में भी मिलते हैं। कैकई भी दशरथ के साथ युद्ध भूमि में थीं। लोपामुद्रा भी वैदिक मंत्रों की रचयिता हैं। पुरुष और स्त्री में भेदभाव की बातें व्यर्थ हैं। आधुनिक विदेशी सभ्यता स्त्रियों को सम्माननीय दर्जा नहीं देती। इस सभ्यता ने उन्हें पुरुष से भिन्न अलग वर्ग बनाने के प्रयास किए हैं। वैदिक काल में स्त्री और पुरुष साथ-साथ काम करते हैं। वैदिक समाज का सर्वाधिक प्रिय पेय है सोम। ऋग्वेद के अनुसार पति-पत्नी दोनों मिलकर सोम पीसते हैं और साथ-साथ सोमरस का आनंद लेते हैं। साथ-साथ देव स्तुतियां भी गाते हैं। पत्नियां अपने पतियों के साथ पर्व उत्सवों में हिस्सा लेती थीं। एक मंत्र के अनुसार अग्नि देव से स्तुति है कि वे 33 देवताओं को पत्नियों सहित यज्ञ उत्सव में लाएं।

## एक नजर

### सिटीजन फोरम ने गिरते भू-जल स्तर पर जतायी चिंता



**पूर्वी चंपारण,एजेंसी।** सिटीजन फोरम ऑफ मोतिहारी के कार्यकारिणी की द्वितीय बैठक अध्यक्ष बिंटी शर्मा के अध्यक्षता में मधुबन छावनी चौक स्थित होटल में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सुधीर कुमार गुप्ता मौजूद रहे। बैठक में महासचिव सतीश टंडन ने फोरम के गतिविधियों की रिपोर्ट रखते हुए गत बैठक की कार्यवाही प्रस्तुत किया। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सिटीजन फोरम लोकसभा चुनाव में मतदाताओ की भागीदारी बढाने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इसके लिए डीएम और नर्वाचिन आयोग के साथ ही अन्य सामाजिक संगठनों के साथ सामंजस्य स्थापित की जायेगी। इस कार्य के लिए पूर्व सचिव राम भजन एवं सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में एक समिति का भी गठन किया गया। बैठक में फोरम के सदस्यो ने गिरते भूजल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र व राज्य सरकार के साथ ही नगर निगम के ध्यानाकर्षण के लिए एक प्रस्ताव भी पारित किया गया।साथ ही भूगर्भ जल को बचाने के लिए लोगो को जागरूक करने का भी निर्णय लिया गया। इसको लेकर अरुण कुमार श्रीवास्तव, रवि कृष्ण लोहिया, अंगद कुमार नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया।इसके साथ ही गत दिनो शहर के आसपास हुए अग्निकांड के निरीक्षण का भी निर्णय लिया गया। हुआ। पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न सरकारी स्कूल के बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन का भी निर्णय लिया गया। इसको लेकर अजय कुमार आजाद एवं रवीश मश्रि‍ा को जिम्मेदारी दी गई।

### नवादा में शुरू हुआ डायल 112 की बाइक सेवा, एसपी ने दिखाई हरी झंडी



**नवादा।** नवादा शहरी क्षेत्र में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पहले डायल 112 का चार पहिया वाहन की सेवा शुरू किया गया था, अब डायल 112 बाइक की बाइक सेवा का भी रविवार से शुभारंभ हुआ है। इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम के माध्यम से आपातकालीन सेवा नवादा शहर को दिया गया है। एसपी कार्तिकेय के शर्मा ने पुलिस मुख्यालय से मिली डायल 112 की 8 बाइक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन डायल 112 बाइक से पुलिस शहरी क्षेत्र के गलियों में गश्त करेगी तथा बैंक चेकिंग के अलावा आपातकालीन समस्याओं से निपटेगी। डायल 112 बाइक सेवा लेने के लिए भी डायल 112 पर कॉल करना होगा। एसपी ने कहा कि नवादा शहर को चार जोन में बांटा गया है। सभी जोन में दो-दो बाइक से गश्ती होगी। बताया गया कि यह एक ऐसी प्रणाली है, जिसके जरिए आपात स्थिति में जरूरतमंद लोगों को तेज और कुशल तरीके से मदद और संचार की सुविधा दी जाती है। इस प्रणाली के तहत किसी भी तरह की इमरजेंसी में फंसे व्यक्ति को सिर्फ एक कॉल करके मदद मिल जाती है। इसके लिए पीड़ित को 112 नंबर पर कॉल करना होता है। कॉल आते ही कंप्यूटर अपने-आप पीड़ित का मामला रजिस्टर कर लेता है और एक यूनीकोड जेनरेट करता है। इसकी जानकारी पीड़ित के मोबाइल पर भी भेज दी जाती है साथ ही कॉलर का मोबाइल नंबर और बाकी की जानकारी ईआरएसएस के कंट्रोल रूम में मॉनिटर पर दिखने लगती है। इस सुविधा से आपात स्थितियों में त्वरित सेवा तो मिलेगी ही, अपराध नियंत्रण का भी बेहतर माध्यम साबित हो सकेगा. एसपी ने कहा कि अपराधी नियंत्रण सहित विभिन्न आपातकालीन स्थितियों में बाइक सेवा एक बड़ी सहायक होगी।

### स्काउट गाइड ने मतदाता जागरूकता को लेकर निकाली साइकिल रैली



**अररिया,एजेंसी।** बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड की ओर से मतदाता जागरूकता को लेकर जिला संगठन आयुक्त बैजनाथ प्रसाद की अध्यक्षता में फारबिसगंज में साइकिल रैली निकाली गई। फारबिसगंज ली अकादमी खेल मैदान से निकली रैली को जिला संगठन आयुक्त स्काउट बैजनाथ प्रसाद, स्काउट मास्टर मो शाहिद आलम, राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित स्काउट अमन राय ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल मतदाता जागरूकता रैली में बच्चों के द्वारा वृद्धि, युवाओं, महिला, दिव्यांगों से अपने मतदान का प्रयोग करने का आह्वान किया गया। रैली में शामिल बच्चे मतदान को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। साइकिल मतदाता जागरूकता रैली ली अकादमी खेल मैदान से प्रारंभ होकर पंचमुखी मंदिर, कस्टम ऑफिस, गोढ़ीयारे चौक, कोठीहाट मोड़, छुआपट्टी, राजेन्द्र चौक होते हुए पुनः भारत स्काउट और गाइड के अनुमंडल मुख्यालय में आकर समाप्त हुई। स्काउट पर गौरव कुमार, दिवाकर कुमार,मेहंदी हुसैन, मिथिलेश, कबीर, अजय, अंश, विशाल, सूरज, मनीष, कृष्णा, रवि, सागर, अंकित, साहिल, राज, अमित के साथ निशा, सिमरन, उषा, मंगली, कुशुम, रिया, साक्षी, ज्योति, गीता, भारती, नुरेशा खातून, मौसम कुमारी, शालिनी के साथ 40 की संख्या में स्काउट गाइड उपस्थित थे।

# इंडी एलायंस महाठगंधन,घमंडिया और चंडाल चौकड़ी का गठबंधन है: चौबे



**अररिया।** केंद्रीय राज्य मंत्री एवं बक्सर के सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने विपक्षी पार्टी के बने गठबंधन इंडी एलायंस को महाठगबंधन, घमंडिया गठबंधन और चंडाल चौकड़ी का गठबंधन करार दिया। अररिया के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में लड़े सन 74 के छात्र आंदोलन के अपने को अनुयायी कहने वाले लालू प्रसाद ने उनके सपने को चकनाचूर करने का काम किया। उनको सजा हो चुकी है,लेकिन अपने केके सजायाफ्ता न्हों मानते हैं। उन्होंने लालू प्रसाद के काल को याद करते हुए कहा कि उनके शासनकाल में कौन कौन से घोटाले नहीं हुए। उनका कार्यकाल बिहार को 25 साल पीछे धकेलने का काम किया। उन्होंने कहा कि छात्र आंदोलन के समय भी उन्होंने एक लाख कूपन का हिसाब नहीं दिया था,जिसको लेकर जेपी ने उनको डांट भी लगाई थी। माय समीकरण तो भूरा बाल साफ करो का नारा देने वाले तुष्टिकरण की नीति अपनाकर वंशवाद को बढ़ावा दिया। अपने परिवार के चार चार लोगों को टिकट दिया। यादव मुसलमान के आंखों में धूल झोंकने का काम किया।

मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के निशाने पर कांग्रेस के राहुल गांधी भी रहे। उन्होंने कहा कि चांदी के चम्मच के साथ पैदा हुए युवराज आज संविधान खतरे की बात कह रहे हैं। लेकिन उस समय का क्या,जब कांग्रेस ने दर्जनों बार संविधान को तोड़ मरोड़ कर धज्जियां उड़ाई। उन्होंने इंडी एलायंस के लोगों को नकली लोग करार देते हुए कहा कि महाठगबंधन, घमंडिया और चंडाल चौकड़ी की जमात है। उन्होंने कहा कि ये लोग चुनाव केवल खानदानवाद,परिवारवाद और वंशवाद को पालने पोसने के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस साल में काम करके दिखा दिया कि विकास क्या होता है। कांग्रेस के लोगों में मिथिलांचल और सीमांचल को शुरू से ठगने का काम किया। उन्होंने सीमांचल को अंग जनपद और मिथिलांचल का सम्मिश्रण करार दिया।

## भाजपा देश के विकास और राष्ट्र निर्माण की बात करती है- अश्विनी चौबे

**फारबिसगंज/अररिया।** भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सिंह के पक्ष में प्रचार करने केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे पहुंचे और उन्होंने अररिया में एक बार फिर इंडी गठबंधन पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह लोग कभी मायी समीकरण बनाते हैं, तो कभी भूरा बाल साफ करने का नारा देते हैं। अपने खानदान को आगे बढ़ाने की बात करते हैं। जबकि भाजपा देश के विकास और राष्ट्र निर्माण की बात करती है। उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग राजग के पक्ष में मतदान करें और फिर से एक बार पीएम मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं। उन्होंने कहा कि पिछले 26 अप्रैल को जो अररिया में मोदी जी यात्रा हुई थी । सचमुच में लोगों के अन्दर जो कंफ्यूजन होगा और कन्फ्यूजन लगभग समाप्त हो गया होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि देश में विकास के नाम पर वोट होगा । अटल बिहारी वाजपेई पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे , जिन्होंने देश की धारा को बदलने का प्रयास किया है। उन्हीं के पद चिन्हों पर चलते हुए मोदी जी ने चार चांद लगाने का काम किया है।

# सीमांचल के अररिया संसदीय सीट पर भाजपा, राजद और निर्दलीय के बीच दिलचस्प हुआ मुकाबला







**फारबिसगंज/अररिया।**

सीमांचल का अररिया लोकसभा सीट पर भाजपा की एक बार फिर जीत होगी या फिर राज़द प्रत्याशी अपनी विरासत बचा पाएंगे, ये तो मतगणना के बाद ही पता चलेगा। वही, इस सीट पर दो दिन बाद 7 मई को मतदाता मतदान करके प्रत्याशियों का भाग्य लिखेंगे। अब यहां जैसे देश में भीषण गर्मी है और चुनाव की सरगर्मी भी काफ़ी तेज है। वैसे में सीमांचल के अररिया का भी पारा काफ़ी हाई है।

सीमांचल के अररिया सीट पर मुक़ाबला मतदान से पहले ही दिलचस्प हो गया है दरअसल, आरजेडी से टिकट कटने के बाद बागी हुए और अररिया सीट से निर्दलीय उम्मीदवार पेश कर रहे डॉक्टर शत्रुघ्न सुमन भी अररिया के मैदान में टाइट फ़ील्डिंग कर रहे हैं. आपको बता दें कि सिकटी विधानसभा के पूर्व विधायक मुरलीधर मंडल के बेटे हैं शत्रुघ्न सुमन के पिता मुरलीधर मंडल सिकटी के दो बार विधायक रह चुके हैं. शत्रुघ्न सिकटी विधानसभा से दो-दो बार न केवल चुनाव लड़ चुके हैं बल्कि दूसरे स्थान पर रहकर अच्छा खासा वोट भी हासिल कर चुके हैं. वही, शत्रुघ्न सुमन अररिया लोकसभा में अतिपिछड़ा जाति पर भी अच्छी पकड़ भी रखते हैं। आपको बता दें कि वर्ष 2015 के बिहार विधान सभा चुनाव में जेडीयू प्रत्याशी के रूप में इन्होंने 68 हजार से अधिक वोट पाया तो 2020 विधान सभा चुनाव में आरजेडी प्रत्याशी के रूप में 70 हजार से अधिक मत प्राप्त किया था। अतिपिछड़ी जाति से आने वाले शत्रुघ्न सुमन केवर्त जाति से आते हैं और साथ ही अतिपिछड़ी जाति पर पकड़ रखते हैं। अतिपिछड़ी जाति के वोटबैंक को बीजेपी अपनी पारंपरिक वोटबैंक मानता आ रहा है। शत्रुघ्न सुमन को बीजेपी के कई पूर्व विधायक और पार्टी के कई पूर्व दिग्गज नेताओं का साथ भी मिल रहा है। वही, अररिया में लगातार नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी इसी अतिपिछड़ा वोट बैंक को साधने की पुरज़ोर कोशिश कर रहे हैं। वही, इस सीट से भाजपा से प्रदीप कुमार सिंह, राजद से शाहनवाज आलम, शत्रुघ्न सुमन समेत कई निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में हैं। वही, आज शाम इस सीट पर प्रचार प्रसार का भी शोर थम जायेगा और प्रत्याशी डोर टू डोर दस्तक देंगे।

# स्वचालित व्हीलचेयर पा कर गदगद हुए मॉडर्न के पूर्व छात्र राजकुमार



**नवादा।** अपने गुरु, मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष, समाजसेवी डॉ.अनुज के हाथों अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त स्वचालित व्हीलचेयर पा कर रविवार को मॉडर्न के पूर्व छात्र रह चुके और वर्तमान में प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे राजकुमार गिरी की खुशी का ठिकाना नहीं रहा7

जगतपुर गांव निवासी राजकुमार गिरी ने बारहवीं तक की शिक्षा मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंती नगर से प्राप्त की और वो बचपन से मस्कुलर डिस्ट्रॉफी नामक गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। डॉ. अनुज ने व्हीलचेयर देने के बाद राजकुमार को व्हीलचेयर पर चल कर दिखाने को भी कहा। अपने दिव्यांग छात्र के चेहरे पर खुशी देख डॉ.अनुज भी काफ़ी प्रसन्न और आत्मसंतुष्ट दिखे। मौके पर उपस्थित हजारों छात्रों एवं शिक्षकों ने तालियाँ बजा कर अपने निदेशक के इस मानवता पूर्ण कृत्य की भरपूर सराहना की। छात्रों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए डॉ. अनुज ने कहा कि हम सभी को केवल अपने लिए नहीं जीना चाहिए, बल्कि अपने सामर्थ्य के अनुसार जितना हो सके अपने आसपास के लोगों की मदद भी करनी चाहिए। अगर हमारे किसी प्रयास से किसी का जीवन बेहतर होता है, किसी दुखी और परेशान इंसान को थोडी़ खुशी मिल जाती है तो इससे बड़ी उपलब्धि हमारे लिए कुछ नहीं हो सकती।

यही ईश्वर की सच्ची पूजा भी है और यही हमारे मानव जीवन का मकसद भी। डॉ. अनुज ने कहा कि गुरु और शिष्य का रिश्ता केवल विद्यालय और शिक्षण संस्थान में पढ़ने तक का नहीं होता बल्कि जीवन पर्यंत का होता है। मॉडर्न शैक्षणिक समूह से शिक्षा हासिल करने वाले विद्यार्थियों के साथ हर सुख दु:ख में वो हमेशा खड़े रहे हैं और आगे भी रहेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्राचार्य मिथिलेश कुमार विजय, शिक्षक धर्मवीर सिन्हा, मुर्तजा आलम, दीपक प्रुष्टि, रौशन मिश्रा, प्रत्यूष आनंद, अखिलेश कुमार, मनीष सिंह तथा हज़ारों छात्र उपस्थित थे।

# राष्ट्रहित व विकसित भारत के निर्माण के लिए तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को करें सत्तासीनः ऋतुराज सिन्हा

**मधुबनी।** जिला मुख्यालय स्थित जलसा होटल सभागार में रविवार को नगर के प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते भाजपा के राष्टीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि राष्टहित व विकसित भारत के निर्माण के लिए तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के हाथ को मजबूत कर उन्हें सत्तासीन करें। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों सहित सम्पूर्ण देश वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आशा व विश्वास की नजर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सत्तासीन करने को तत्पर हैं। खासकर नवीन मतदाता व युवा वर्गों में राष्टहित व विकसित भारत की कल्पना परक सोच समाहित है। संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के साथ देश के प्रथम राष्टपति बिहार के डॉ राजेन्द्र प्रसाद का मतैक्य सोच प्रबल रहा। बिहार में शुरू से युथ ब्रिगेडियर का आइकॉन देश की दशा- दिशा में सजग सहभागिता निभाया। बिहार शिक्षाविद् क्रांतिवीर समाजिक चिन्तक का राज्य शुरू से रहा। देश की राजनीतिक सोच को बदलने का श्रेय जयप्रकाश नारायण का चिन्तन प्रवाह आज भी प्रासंगिक है। सिन्हा ने कहा कि समाजवादी चिंतक स्व कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सम्मान देने वाला ऐतिहासिक प्रासंगिक समय नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्रित्व काल ही रहा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश-विदेश में डंका बजाने वाला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पक्षधर बनने का है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की अर्थ व्यवस्था को विश्व वाङमय में तीसरी स्थान पर लाने को तत्पर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए इस चुनाव में सिर्फ हम सभी का आत्मविश्वास समर्थन व अपार बहुमत जुटाना कर्तव्य है। मौके पर भाजपा विधायक पूर्व मंत्री राणा रणधीर सिंह ने कहा कि मिथिलांचल परिक्षेत्र की ऐतिहासिक सांस्कृतिक विरासत संरक्षण-संवर्धन को केन्द्र सरकार शुरू से तत्पर रहा।

खासकर मधुबनी से अपने व्यक्तिगत लगाव की चर्चा उन्होंने किया। पूर्व मंत्री राणा रणधीर सिंह ने उपस्थित गणमान्य लोगों साहित्यकारों पत्रकार व समाजसेवियों के प्रति आभार अभिनंदन प्रकट किया। वर्तमान चुनाव परिप्रेक्ष्य में बताया कि देश की दशा- दिशा को नई उड़ान भरने वाला सख्स प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुनः तीसरी बार पूर्ण बहुमत से जीत पक्का है। आप सभी मतदाताओं का अपार जन समर्थन चहुंओर उत्साहपूर्ण माहौल में गुंज रहा है। कार्यक्रम में स्थानीय सांसद से गिला शिकवा की शिकायत निवारण पर पूर्व मंत्री का समीचीन वक्तव्य रहा कि देश के शक्ति सम्पन्न सेनापति प्रधानमंत्री मोदी जी सरकार की छवि ही आधार स्तंभ हैं। कार्यक्रम में नगर निगम मेयर अरूण राय ने प्रधानमंत्रित्व काल में केन्द्र सम्पोषित योजनाओं के सफल संचालन व आमजनों को मिल रहे इसके लाभ की वृहत चर्चा किया। भाजपा जिलाध्यक्ष शंकर झा ने आगत अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

# भारतीय मजदूर संघ ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया



**सहरसा।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान को लेकर चुनाव प्रचार के आखिरी दिन रविवार को विभिन्न राजनीतिक दल द्वारा जोर-शोर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।इस क्रम में भारतीय मजदूर संघ द्वारा कार्यकर्ताओ के बीच मतदाता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के बिहार झारखंड के क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला एवं प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी शंभू कुमार चौबे नें राष्ट हित मे अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि देश सर्वोपरि है ऐसे में हमें सोच समझकर देश का विकास करने तथा अपने सभ्यता संस्कृति की संरक्षण करने वाली पार्टी को बहुमत देकर अपने दायित्व का निर्वहन करे। उन्होंने कहा आजादी के बाद देश पर पाश्चात्य संस्कृति को बढाबा दिया गया।वही भारतीय महापुरुष एवं रीति-रिवाज को नकार दिया गया,जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण है एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है जबकि वास्तविक मजदूर दिवस विश्वकर्मा जयंती को मनाया जाना चाहिए,क्योंकि श्रम आराधना के लिए आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा को माना है। उन्होंने कहा मई दिवस शिकागो शहर मे मजदूरों की नृशंस हत्या 1886 में की गई थी।उस दिन मजदूर मनाना उचित नही है।उन्होंने कहा कि 1884 मे महामना लोखंडे ने मजदूर के हित मे सफल हड़ताल एवं प्रदर्शन कर मजदूरो को मौलिक अधिकार के तहत आठ घंटे काम करने की मांग की गई थी।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस राष्ट्रीय पर्व पर अपना वोट गिराकर गर्व करें।

# जेल से बाहर आए बिहार के बाहुबली अनंत सिंह ने कहा, ललन सिंह को चार लाख वोटों से जिताएंगे

**पटना (बिहार)।** देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच बिहार में मोकामा के पूर्व विधायक एवं बाहुबली अनंत सिंह 15 दिनों के पेरोल पर रविवार सुबह जेल से बाहर आ गये। बेऊर जेल अधीक्षक जीतेंद्र कुमार ने बताया कि गृह विभाग से मिले आदेश की कॉपी जेल प्रशासन के पास आयी है।

पूर्व विधायक अनंत सिंह को सुबह एम्बुलेंस से जेल से बाहर लाया गया। एम्बुलेंस से उतरकर वह निजी वाहन से आगे गये। जेल से बाहर आने की खुशी में सैकड़ों समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर काफी भीड़ रही। वहां से वह रोड शो में शामिल हुए। जगह-जगह पर जेसीबी से उनके ऊपर फूलों की बारिश की गई और नारे लगाये गए। पटना से लेकर मोकामा के बीच कई जगहों पर उनका स्वागत किया गया। जेल से बाहर आने के बाद पहली बार मीडिया के सामने आए अनंत सिंह ने कहा कि जेल से निकलने के बाद बाहर की खुली हवा में बहुत अच्छा लग रहा है। हम लोगों से घूम-घूम कर मिल रहे हैं। जनता से मिलने के बाद गांव में जमीन का बंटवारा करना है। उन्होंने कहा कि मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के



उम्मीदवार ललन सिंह को इस बार चार लाख वोटों से जीत दिलायेंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक अनंत सिंह की तबीयत पिछले दिनों बहुत खराब हो गयी थी। उन्हें पटना के आईजीआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अनंत सिंह ने जेल से बाहर आने का कारण स्वास्थ्य और जमीन का बंटवारा बताया है लेकिन 13 मई को चौथे चरण में मुंगेर में मतदान के देखते हुए सीधे-सीधे यह राजनीति खेल माना जा रहा है। क्योंकि, हाल ही में राजद छोड़कर जदयू में शामिल हुईं अनंत सिंह पत्नी ललन सिंह के लिए चुनाव प्रचार भी कर रही हैं। पूर्व विधायक अनंत सिंह को आर्म्स एक्ट के तहत पटना की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई थी। कोर्ट के फैसले के बाद उनकी विधायकी भी चली गई थी।

## एक नजर

### ऑस्ट्रेलिया में पुलिस ने एक व्यक्ति को छुरा घोंपने वाले किशोर को गोली मारी, मौत



**सिडनी,एजेंसी।** वेस्टर्न ऑस्ट्रेलियन (डब्ल्यूए) पुलिस फोर्स ने रविवार को बताया कि उसने रसोई के छुरे से एक व्यक्ति को घायल करने वाले किशोर को गोली मार दी जिसका बाद में मौत हो गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, डब्ल्यूए पुलिस कमिश्नर कर्नल ब्लांच ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि स्थानीय समय के अनुसार, शनिवार की रात 10=10 बजे एक पुरुष ने फोन कर कहा कि वह हिंसा करने जा रहा है। हालांकि उसने अपना नाम या जगह का नाम नहीं बताया। कुछ ही मिनट के बाद पुलिस को एक और कॉल आई जिसमें बताया गया कि एक व्यक्ति कार पार्क में छुरा लेकर दौड़ रहा है। पुलिस के तीन अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। अपने वाहन से उतरने पर अधिकारियों ने पाया कि एक व्यक्ति रसोई के बड़े छुरे के साथ वहां था। ब्लांच ने कहा कि अधिकारियों ने उसे ललकारा और छुरा नीचे रखने के लिए कहा। लेकिन वह उल्टा एक अधिकारी की तरफ दौड़ा। अन्य दो पुलिस अधिकारियों ने उस पर टेजर फायर किया, लेकिन वह भी बेअसर रहा। किशोर तीसरे अधिकारी की तरफ भागता रहा जिसने अंत में उस पर एक गोली चला दी। घायल अवस्था में 16 साल के किशोर को अस्पताल ले जाया गया जहां रात 11 बजे उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि बाद में पता चला कि उसने कार पार्क में एक व्यक्ति की पीठ में छुरा घोंप दिया था। घायल व्यक्ति फिलहाल अस्पताल में इलाजरत है। अधिकारियों को आशंका है कि मृतक किशोर को ऑनलाइन कट्टरपंथी बनाया गया था।

### काहिरा में शांति वार्ता के बीच, इजरायल ने हमास नेता याह्या सिनवार पर हमले के प्रयास तेज किए



**तेल अवीव,एजेंसी।** इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम समझौते पर पहुंचने के लिए काहिरा में चल रही शांति वार्ता के बीच, इजरायल ने हमास के सैन्य कमांडर याह्या सिनवार को ढेर करने के अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। इजरायल के रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया, रक्षा मंत्री योव गैलेंट द्वारा बुलाई गई उच्च स्तरीय बैठक में सिनवार को जिंदा या मुर्दा पकड़ने पर चर्चा की गई। जानकारी के अनुसार, रक्षा मंत्री ने शीर्ष सेना और खुफिया अधिकारियों से कहा है कि सिनवार को मारना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सिनवार और मोहम्मद दीफ कथित तौर पर गाजा के राफा क्षेत्र में इजरायली बंधकों के बीच छिपे हुए हैं। इजरायली खुफिया एजेंसियों ने बताया है कि वह आईडीएफ हमले को रोकने के लिए कुछ इजरायली बंधकों के साथ एक सुरंग से दूसरी सुरंग में जा रहा था। इजराइल के रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि आईडीएफ कुछ दिन पहले सिनवार तक लगभग पहुंच चुका था। रक्षा मंत्री योव गैलेंट द्वारा बुलाई गई बैठक में इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तजाची हानेग्बी, शिन बेट प्रमुख रोनेन बार और कई शीर्ष इजरायली सेना के अधिकारी शामिल हुए।

### गाजा समझौते पर बातचीत के लिए हमास, कतर की टीमें काहिरा पहुंचीं-सूत्र



**काहिरा।** फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास और कतर की टीमें इजरायल के साथ युद्धविराम और बंधक रिहाई समझौते पर आगे की बातचीत के लिए मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंचीं। दोनों टीमें शनिवार को कतर से पहुंचीं। मिस्र के टेलीविजन स्टेशन अल-काहिरा न्यूज ने भी काहिरा में हमास प्रतिनिधिमंडल के आगमन की सूचना दी और समझौते तक पहुंचने के लिए बातचीत में महत्वपूर्ण प्रगति का हवाला दिया। अल-काहिरा न्यूज ने सूत्रों के हवाले से कहा कि बातचीत में शामिल मिस्र की सुरक्षा टीम कई विवादास्पद मुद्दों पर सर्वसम्मति के फॉर्मूले पर पहुंच गई है। इस बीच, इजरायल कथित तौर पर काहिरा में एक टीम नहीं भेज रहा है। इजरायल के कान रेडियो ने एक सरकारी प्रतिनिधि के हवाले से शनिवार को बताया कि हमास द्वारा मौजूदा प्रस्तावित युद्धविराम समझौते पर प्रतिक्रिया के बाद ही एक प्रतिनिधिमंडल मिस्र भेजा जाएगा। इजरायली अखबार हारेत्ज ने उच्च पदस्थ इजरायली अधिकारी के हवाले से कहा कि अगर उग्रवादी संगठन पेश समझौते के मसौदे पर सहमत होता है तो देश हमास के साथ अप्रत्यक्ष बातचीत जारी रखने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल भेजने की योजना बना रहा है।

### राफा में इस्लामिक जिहाद कमांडर मारा गया-आईडीएफ

**यरूशलम।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने इस्लामिक जिहाद राफा ब्रिगेड के एक वरिष्ठ कमांडर ऐमान जाराब को मार गिराया। आईडीएफ ने बताया कि दक्षिणी गाजा शहर में हवाई हमले किए गए, जिसमें ऐमान जाराब मारा गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने आईडीएफ के हवाले से बताया कि जाराब ने 7 अक्टूबर को किबुत्ज सूफा और गाजा पट्टी की सीमा से लगी सूफा सैन्य पोस्ट पर हमले के दौरान इस्लामिक जिहाद की विशिष्ट सेनाओं को निर्देशित किया था। आईडीएफ के अनुसार, जाराब ने कई हमलों की कमान और निर्देशन किया था। पिछले कुछ दिनों में उसने इजरायली सेना के खिलाफ दक्षिणी गाजा पट्टी में लड़ाई के लिए इस्लामिक जिहाद की तैयारियों का नेतृत्व किया था। इजरायली सेना ने बताया कि हमले के दौरान जाराब के साथ दो अन्य इस्लामिक जिहाद कार्यकर्ता भी मारे गए।

## निज्जर हत्या मामले में भारतीयों की गिरफ्तारी के बाद ट्रूडो ने कहा, कानून के शासन वाला देश है कनाडा



**टोरंटो,एजेंसी।** प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तान अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में तीन भारतीय नागरिकों की गिरफ्तारी के एक दिन बाद कहा कि कनाडा कानून के शासन वाला देश है और यहां एक मजबूत व स्वतंत्र न्याय प्रणाली तथा अपने सभी नागरिकों की सुरक्षा के लिए मौलिक प्रतिबद्धता है।

कनाडा के नागरिक निज्जर की 18 जून, 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एडमोंटन में रहने वाले भारतीय नागरिकों करण बरार (22), कमलप्रीत सिंह (22) और करनप्रीत सिंह (28) को हत्या और हत्या की साजिश के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। ट्रूडो ने गिरफ्तारी के बारे में शनिवार को टोरंटो में सिख विरासत एवं संस्कृति समारोह में कहा, यह महत्वपूर्ण है क्योंकि कनाडा एक मजबूत व स्वतंत्र न्याय प्रणाली और अपने सभी नागरिकों की सुरक्षा के लिए मौलिक प्रतिबद्धता वाला कानून-सम्मत देश है। कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (सीबीसी) ने ट्रूडो के हवाले से कहा, 'जैसा कि (रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस) आरसीएमपी ने कहा है कि जांच जारी है। एक अलग और विशिष्ट जांच का दायरा कल गिरफ्तार किए गए तीन लोगों की संलिप्तता तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि निज्जर की हत्या के बाद कनाडा के सिख समुदाय के कई लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'प्रत्येक कनाडाई को सुरक्षित रूप से रहने तथा कनाडा में भेदभाव व हिंसा के खतरों से मुक्त रहने का मौलिक अधिकार है। पिछले साल सितंबर में खालिस्तान अलगाववादी निज्जर (45) की हत्या में भारतीय एजेंट की 'संभावित' संलिप्तता के ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में काफी तनाव आ गया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को 'बेतुका' और 'प्रेरित' बताकर खारिज कर दिया है। भारत कनाडा में सिख अलगाववादी समूहों की मौजूदगी से लंबे समय से चिंतित है। भारत ने निज्जर को 'आतंकवादी' घोषित किया था। हत्या के सिलसिले में तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किए जाने के बाद, कनाडा में पुलिस ने अतिरिक्त विवरण दिए बिना कहा कि उन्होंने अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर गिरफ्तारी की है। पुलिस ने और गिरफ्तारियां होने के संकेत दिए हैं। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के सहायक आयुक्त और प्रशांत क्षेत्र के बल के कमांडर डेविड टेबौल ने शुक्रवार को कहा कि वह गिरफ्तार किए गए तीन लोगों और भारतीय अधिकारियों के बीच कथित संबंधों पर टिप्पणी नहीं करेंगे। लेकिन उन्होंने कहा कि बल 'भारत सरकार से जुड़े होने की जांच कर रहा है। इस बीच, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा में जो कुछ हो रहा है, वह मुख्य तौर पर उनकी आंतरिक राजनीति के कारण है और इसका भारत से कोई लेना-देना नहीं है।

## पूर्वी कांगो में शरणार्थी शिविरों पर बमबारी में मरने वालों की संख्या 14 हुयी



**किंशासा,एजेंसी।** पूर्वी कांगो पूर्वी कांगो के उत्तरी किवु प्रांत में विस्थापित लोगों के तीन शिविरों पर हुए हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गयी है और 35 अन्य लोग घायल हुए हैं। एक स्थानीय अधिकारी ने शनिवार को बताया कि 23 मार्च मूवमेंट (एम23) के विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो (डीआरसी) में आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) के तीन स्थलों पर शुक्रवार को लगभग 10 बम गिराए। उत्तरी किवु के सैन्य गवर्नर पीटर चिरिम्वामी ने कहा, उत्तरी किवु के पूर्वी प्रांत की राजधानी गोमा के लैक वर्ट, लुशगाला और मुगुंगा इलाकों में आईडीपी साइटों पर हुए हमले में मरने वालों की संख्या अभी भी बढ़ सकती है।

कांगो में संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के प्रतिनिधि एंजेल डिकॉन्गु-अटंगाना ने शुक्रवार देर रात कहा कि बमबारी में 12 लोग मारे गए हैं। कांगो सरकार ने इन हमलों के लिए 23 मार्च मूवमेंट (एम23) के विद्रोहियों को दोषी ठहराया, जो कांगो की सेना के साथ संघर्षरत हैं और उत्तरी किवु में क्षेत्रों पर कब्जा कर चुके हैं। इस हमले के बाद कांगो के राष्ट्रपति फेलिक्स शीसेकेदी अपना यूरोप दौरा बीच में ही रद्द करके वतन लौट गए। उन्होंने ने शुक्रवार को बेल्जियम में कांगो के प्रवासियों से कहा थाा, मैं गारंटी देता हूं कि हम इस लड़ाई को जीतेंगे, चाहे कुछ भी करना पड़े। डीआरसी में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन (जिसे मोनुस्को के नाम से जाना जाता है) ने सभी पक्षों से नागरिकों के लिए जोखिम कम करने और मानवीय पहुंच बनाए रखने के लिए उचित उपाय करने का आह्वान किया। गौरतलब है कि तीन चरण की प्रस्थान योजना के तहत संरा के ठिकानों और उपकरणों को डीआरसी सुरक्षा बलों को सौंपकर मोनुस्को के 2024 के अंत से पहले कांगो छोड़ने की उम्मीद है। मोनुस्कोके प्रमुख बिंटौ कीटा ने शुक्रवार देर रात जारी एक बयान में कहा, मैं संयुक्त राष्ट्र महासचिव के पूर्वी डीआरसी में सभी सशस्त्र समूहों से सभी शत्रुताएं तुरंत बंद करने, बिना शर्त अपने हथियार डालने और निरस्त्रीकरण, विमुद्रीकरण, सामुदायिक पुनर्वास और स्थिरीकरण कार्यक्रम में शामिल होने के आह्वान को दोहराता हूं।

## जापान की विदेश मंत्री एक दिवसीय नेपाल यात्रा पर, काठमांडू में होगी द्विपक्षीय वार्ता

**काठमांडू।** जापान की विदेश मंत्री खामीखावा योको कुछ घंटे के नेपाल दौरे पर रविवार को काठमांडू पहुंचीं हैं। आज दिन भर राजनीतिक मुलाकात के बाद देर रात उनकी वापसी होगी। नेपाल के उपप्रधानमंत्री तथा विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ के निमंत्रण पर जापानी विदेश मंत्री योको काठमांडू पहुंचीं। त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल पर विदेश सचिव सेवा लम्साल ने उनका स्वागत किया। लम्साल ने बताया कि कुछ पर्यटकीय क्षेत्रों का अवलोकन करने और राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात करने का कार्यक्रम तय है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक जापानी विदेश मंत्री योको सबसे पहले काठमांडू के दरबार स्क्वायर और बसन्तपुर क्षेत्र का अवलोकन करेंगी। इसके बाद नेपाल के विदेश मंत्री के साथ उनकी द्विपक्षीय औपचारिक वार्ता तय है। लम्साल ने बताया कि नेपाल और जापान की विदेश मंत्री के बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान कोई भी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं होने हैं। वार्ता में सिर्फ जापान की तरफ से नेपाल को दिए जाने वाले सहयोग और जापान के सहयोग से चल रही परियोजना की प्रगति पर चर्चा होनी है। जापान की विदेश मंत्री आज ही नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल और प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' के साथ शिष्टाचार मुलाकात करेंगी। राष्ट्रपति से मुलाकात 'शीतल निवास' में होगी, जबकि प्रधानमंत्री 'प्रचंड' से उनके सिंह दरबार स्थित दफ्तर में मुलाकात होगी। जापानी विदेश मंत्री के सम्मान में आज रात्रिभोज होगा, जिसके बाद आज देर रात वह स्वदेश लौट जाएंगी।

## हर कीमत पर किसानों के हितों की रक्षा: शहबाज

**लाहौर,एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 'हर कीमत पर किसानों के हितों की रक्षा' करने का वादा किया है। पास्को के माध्यम से गेहूं खरीद के मामलों की समीक्षा के लिए शनिवार को मॉडल टाउन में अपने आवास पर एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री शरीफ ने गेहूं बेचने और गेहूं के बैग प्राप्त करने के संबंध में किसानों की शिकायतों को 'चार दिनों' में समाधान करने के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं अनुसंधान मंत्रालय के तहत एक समिति का गठन किया।

प्रधानमंत्री आवास की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि संघीय सरकार किसानों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए पास्को के माध्यम से 18 लाख टन गेहूं खरीद रही है। प्रधानमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से गेहूं खरीद प्रक्रिया की निगरानी करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि किसानों को उनका उचित मूल्य समय पर मिले। श्री शरीफ ने कहा, सरकार किसानों की आर्थिक सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगी और उनकी भलाई सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी।



उन्होंने इस साल गेहूं की बंपर पैदावार होने पर 'प्रसन्नता' भी व्यक्त की। बैठक में संघीय मंत्री अताउल्लाह तरार और राणा तनवीर हुसैन तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उधर, पाकिस्तान मुस्लिम लीग -नवाज (पीएमएल-एन) के एक सूत्र ने पाकिस्तानी अखबार डॉन को बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं पीएमएल-एन के सर्वोच्च नेता नवाज शरीफ चाहते है कि श्री शहबाज के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार 'मजबूत राजनीतिक दबदबे' की परवाह किए बिना कथित घोटाले में शामिल लोगों के खिलाफ 'त्वरित' कार्रवाई करे।

पीएमएल-एन के मॉडल टाउन कार्यालय में एक बैठक के दौरान यह सुझाव दिया गया कि कथित घोटाले की जांच के लिए राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) या संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) को शामिल किया जाए, लेकिन शहबाज सरकार ने शनिवार को कहा कि ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने डॉन को बताया, सरकार का ऐसा कोई इरादा नहीं है (गेहूं आयात घोटाले की जांच के लिए एनएबी/एफआईए को शामिल करना)। वहीं, एक अंदरूनी सूत्र ने दावा किया कि चूंकि यह घोटाला काफी हद तक पूर्व कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर की सरकार से संबंधित है, इसलिए शहबाज़ प्रशासन बहुत सावधानी से काम कर रहा है।

## हमास के बंधकों की रिहाई की मांग को लेकर इजराइल में प्रदर्शन

**तेल अवीव।** हमास आतंकियों की तरफ से गजा में बंधक बनाए गए इजराइलियों की रिहाई की मांग को लेकर शनिवार देर रात इजराइल में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने देश के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पर देश को युद्ध की आग में झोंकने का आरोप लगाया।

यह प्रदर्शन उस समय हो रहा है जबकि शनिवार को ही काहिरा में मिस्र और कतर की मध्यस्थता में गजा में संघर्ष विराम को लेकर समझौता वार्ता शुरू हुई जो पहले दिन बेनतीजा रहने के बाद रविवार को भी जारी रहेगी। इस वार्ता में हमास के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। समझौता वार्ता में इजराइल ने अपने बंधकों की रिहाई के बदले 40 दिनों के संघर्ष विराम की पेशकश की है। इस दौरान इजराइल भी फिलिस्तीनी बंधकों को रिहा करेगा।

इजराइल और हमास के बीच पिछले करीब सात माह से संघर्ष चल रहा है। हमास ने 7 अक्टूबर को इजराइली शहरों पर हजारों रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास आतंकियों ने इजराइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इजराइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया। जिसमें गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इजराइल और गाजा में कुल मिलाकर 30000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा के अधिकारियों का दावा है कि 7 अक्तूबर के बाद से गाजा में इजराइल के हमलों अबतक उसके 34,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

हालांकि इजराइल के हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर अमेरिका के बाद कई दूसरे देशों में भी इजराइल के खिलाफ नाराजगी देखी जा रही है। अमेरिकी विश्वविद्यालयों से शुरू हुआ प्रदर्शन का यह सिलसिला फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड व स्वीट्जरलैंड तक पहुंच गया।

## 'व्हाइट हाउस' के द्वार से टकराया वाहन, चालक की मौत : अमेरिकी अधिकारी



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' के एक द्वार से शनिवार रात एक वाहन के टकरा जाने के कारण चालक की मौत हो गई। कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले की जांच ''केवल एक यातायात दुर्घटना के रूप में'' की जा रही है और राष्ट्रपति के आवास को कोई खतरा नहीं है। अमेरिकी खुफिया सेवा ने एक बयान में बताया कि 'व्हाइट हाउस' परिसर की बाहरी परिधि के एक द्वार से रात लगभग साढ़े दस बजे एक वाहन टकरा गया और इस दुर्घटना के बाद चालक वाहन में मृत पाया गया। वाशिंगटन मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग (एमपीडी) ने कहा कि वाहन 'फिफटींथ स्ट्रीट और पेंसिल्वेनिया एवेन्यू एनडब्ल्यू' के चौराहे पर एक सुरक्षा अवरोधक से टकरा गया। पुलिस ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक बयान में कहा, ''एमपीडी की प्रमुख दुर्घटना जांच इकाई इस घटना की जांच अभी केवल एक यातायात दुर्घटना के रूप में कर रही है। एजेंसी ने कहा कि सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया है लेकिन 'व्हाइट हाउस' को कोई खतरा नहीं है। मृत चालक की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

## गठबंधन के शीर्ष नेताओं के बीच घमासान से सुदूर पश्चिम प्रदेश सरकार का भविष्य संकट में

**काठमांडू।** नेपाल के सत्तारूढ़ वाम गठबंधन के बीच चल रहे मनमुटाव का असर अब सार्वजनिक मंचों से प्रदेश सरकार के भविष्य पर भी दिखाई देने लगा है। गठबंधन के शीर्ष नेताओं के बीच चल रहे घमासान से सुदूर पश्चिम प्रदेश सरकार का भविष्य संकट में पड़ गया है।

वर्तमान सत्ता गठबंधन के प्रमुख नेता केपी शर्मा ओली ने सुदूर पश्चिम सरकार के मुख्यमंत्री ने ही घटक दल एकीकृत समाजवादी पार्टी के मुख्यमंत्री दीर्घराज सोडारी को विश्वास मत नहीं देने का निर्देश दिया है। सुदूर पश्चिम के मुख्यमंत्री सेडारो की तरफ से पिछले कुछ दिनों से विश्वास मत हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन ओली की पार्टी के विरोध के कारण सफलता नहीं मिल पाई है। सुदूर पश्चिम प्रदेश के एमाले के प्रमुख नेता आज जब अपने पार्टी के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली से मिलने काठमांडू आए तो ओली ने साफ शब्दों में कह दिया है कि मुख्यमंत्री सोडारी के पक्ष में तत्काल विश्वास मत देने की आवश्यकता नहीं है। ओली से हुई बातचीत का हवाला देते हुए सुदूर पश्चिम एमाले के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र



सिंह रावल ने बताया कि एकीकृत समाजवादी की गतिविधि के कारण अभी यह तय नहीं है कि वो इस गठबंधन में रहेंगे या नहीं, इसलिए पार्टी अध्यक्ष ओली ने मना किया है।

नेपाल में वामपंथी गठबंधन बनने के बाद जब प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री बंटवारे को लेकर चर्चा हो रही थी तो उस समय सुदूर पश्चिम प्रदेश एमाले को देने पर सहमति हुई थी लेकिन केन्द्र की गठबंधन सरकार को बचाने के लिए बाद में विश्वास मत एकीकृत समाजवादी पार्टी को देना पड़ा, जिससे ओली नाराज हैं। पिछले कुछ दिनों से गठबंधन में चल रही उठापटक के कारण ओली को बहुमत का वोट नहीं देने का बहाना मिल गया है। नेपाल के संवैधानिक प्रावधान के मुताबिक शपथ लेने के 30 दिनों के भीतर विश्वास का मत लेना होता है। सुदूर पश्चिम में सोडारी के नेतृत्व में 18 अप्रैल को शपथ दिलाई गई थी। वैसे सेडारी के पास बहुमत लेने के लिए अभी 17 मई तक का समय है।

## मौसम की खराबी से सीजेआई चंद्रचूड़ नहीं कर पाए मुक्तिनाथ के दर्शन

**काठमांडू।** तीन दिनों के नेपाल दौरे पर आए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ मौसम खराबी के कारण मुक्तिनाथ के दर्शन नहीं कर पाए। उनका एवरेस्ट बेस कैंप पर भी जाने का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया, जिसके बाद सीजेआई भारत लौट गए हैं। नेपाल की सर्वोच्च अदालत के प्रधान न्यायाधीश के निमंत्रण पर आए जस्टिस चंद्रचूड़ का आज तीसरे दिन पोखरा होते हुए मुक्तिनाथ और एवरेस्ट बेस कैंप जाने का कार्यक्रम तय था। सर्वोच्च अदालत के प्रधान न्यायाधीश विश्वम्भर श्रेष्ठ ने बताया कि नेपाल आने के बाद भगवान पशुपतिनाथ और मुक्तिनाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए सीजेआई की व्यक्तिगत इच्छा थी। परिवार सहित नेपाल आए जस्टिस चंद्रचूड़ के मुक्तिनाथ दर्शन के लिए तीन हेलीकॉप्टर स्टैंड बाई पर रखे गए थे। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास की प्रवक्ता गीतांजलि ने बताया कि पोखरा में रहे भारतीय सेना के पेंशन कैंप ऑफिस से उनके परिवार को पहले मुक्तिनाथ का दर्शन करने जाने और वापसी में एवरेस्ट बेस कैंप जाने का कार्यक्रम तय किया गया था।

## पाकिस्तान में पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में शनिवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गये। पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार रात दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार आतंकवादियों ने शहर के सिब्बी रोड के पास एक पुलिस गश्ती वाहन पर हमला किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आतंकवादी मौके पर ही मारा गया। शेष तीन आतंकवादी एक इमारत में घुस गये। सीटीडी ने बताया कि पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी और इमारत में प्रवेश करने से पहले अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को बुलाया। पुलिसकर्मियों ने बाद में इमारत में घुसकर शेष आतंकवादियों को भी मार गिराया।

## एक नजर

### किशन रेड्डी ने 2047 तक भारत के विकास का मोदी का दृष्टिकोण दोहराया

**हैदराबाद,एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री एवं सिकंदराबाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार जी किशन रेड्डी ने रविवार को भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आकांक्षा दोहरायी। श्री रेड्डी ने बशीरबाग में तेलंगाना श्रमजीवी पत्रकार संघ की ओर से आयोजित 'मीट द प्रेस' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी के नेतृत्व में देश में हुई प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कांग्रेस शासन के दौरान हुए कई घोटालों के उन्मूलन की ओर इशारा करते हुए कहा कि लोगों भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र की इच्छा के लिए 2014 में श्री मोदी को भारी जनादेश दिया। भाजपा नेता ने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक सरकार के कार्यकाल के दौरान अन्याय, अनियमितता, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद सहित विभिन्न मुद्दों पर ध्यान दिया गया। उन्होंने उनके शासन काल में सांप्रदायिक झड़पों और आतंकवादी गतिविधियां नहीं होने का हवाला देते हुए इस अवधि की शांति पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मानकों को पूरा करने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण, बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश और वैश्विक स्तर पर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के उत्थान जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल की है। उन्होंने 83 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन वितरण, 13 करोड़ शौचालयों के निर्माण और सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन जैसे बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की योजना जैसी पहलों पर भी प्रकाश डाला। श्री रेड्डी ने देश की प्रगति में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया और सभी से श्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने सामाजिक न्याय और आर्थिक विकास के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए आरक्षण से संबंधित चिंताओं पर भी बात की। उन्होंने विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं को देश और तेलंगाना की उन्नति के लिए भाजपा में शामिल होने के वास्ते प्रोत्साहित किया। उन्होंने क्षेत्रीय मुद्दों पर भाजपा का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि पार्टी का कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने का कोई इरादा नहीं है और हैदराबाद को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की अटकलों को खारिज कर दिया।

### अर्जुन मुंडा ने तोरपा विस के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर ग्रामीणों से संवाद किया



**रांची,एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री व खूंटी लोकसभा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने तोरपा विधानसभा के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान वे ग्रामीणों की समस्याओंसे अवगत हुए और उसके समाधान की बात भी कही।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश को लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को मतदान करना है। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से 13 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज मुझे ऐसे सख्श के साथ काम करने का अवसर मिला है, जो दिन रात सिर्फ देश की जनता के लिए सोचते हैं। हमारे प्रधानमंत्री जी देश को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने लिए लगातार काम कर रहे हैं क्योंकि इससे सभी जीवन में सुधार आएगा। हमारा देश विकसित होगा तो यहां की जनता भी विकसित होगी। श्री मुंडा ने कहा कि मुझे कृषि मंत्री के तौर पर भी काम करने अवसर मिला है। इस क्षेत्र के खेती-किसानी की अपार संभावनाएं हैं और इसको लेकर हम सभी मिलकर भविष्य में काम करेंगे। साथ ही मुझे जब से कृषि मंत्रालय का कार्यभार मिला है तब से लेकर चुनाव घोषणा होने के पहले तक खूंटी लोकसभा में कई कृषि मेले का आयोजन किया जा चुका है। जिसका लाभ यहां के किसानों को मिला है। श्री मुंडा ने बताया कि कृषि वैज्ञानिकों ने मुझे बताया कि कृषि की यहां अपार संभावनाएं हैं। वहीं क्षेत्र के कई किसानों को दिल्ली और बैंगलौर में प्रशिक्षण भी दिया गया है, जिससे यहां उन्नत खेती की संभावना बढ़े।

# म्यांमार से 40 से अधिक नए शरणार्थियों का मिजोरम में प्रवेश-खुफिया रिपोर्ट

**एजल,एजेंसी।** म्यांमार के चिन राज्य के पलेतवा टाउनशिप (जिला) से कुछ महिलाओं समेत कम से कम 47 शरणार्थी हाल में दक्षिणी मिजोरम के लांगतलाई जिले में म्यांमार सीमा ह्रुइतेजोल गांव में दाखिल हुए हैं। खुफिया सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।



सूत्रों ने कहा कि पड़ोसी देश के सबसे बड़े जातीय सशस्त्र संगठन, अराकान आर्मी (एए) उग्रवादी समूह द्वारा क्षेत्र में जबरन नए विद्रोहियों की भर्ती के बाद युवा पलेतवा से भाग गए। युवकों की उम्र 30 वर्ष के आसपास है। पलेतवा हालांकि चिन राज्य में स्थित है, रखाइन राज्य में स्थित एए उग्रवादी भी वहां सक्रिय रहे हैं। 'द ताहान पोस्ट' के अनुसार, एक सोशल मीडिया समाचार आउटलेट (ताहान सागैंग डिवीजन के कालेम्यो शहर का एक पड़ोस है जहां बड़ी संख्या में मिज़ो-भाषी लोग रहते हैं), एए कैडरों ने 19 अप्रैल को मिज़ा इलाके में युवाओं को भर्ती करने के अपने फैसले की घोषणा की। पलेतवा में. युवाओं ने जबरन भर्ती होने से इनकार कर दिया क्योंकि सशस्त्र विद्रोही क्षेत्र से भाग गए और मिजोरम में प्रवेश कर गए। 'तहान पोस्ट' ने लॉन्गटलाई जिले के सूत्रों के हवाले से कहा कि कुछ महिलाओं सहित लगभग 40 लोग 30 अप्रैल की दोपहर को ह्रुइतेज़ॉल गांव पहुंचे, जबकि सात महिलाएं एक मई को फिर से गांव में दाखिल हुईं। इन सभी की उम्र लगभग 30 वर्ष है। सूत्रों ने कहा कि हालाँकि, लॉन्टलाई जिला प्रशासन ने अभी तक पलेतवा से आयी शरणार्थियों की खेप की पुष्टि या खंडन नहीं किया है। राज्य के गृह विभाग द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड के अनुसार, 29 अप्रैल तक सभी 11 जिलों में फैले 34,282 म्यांमार शरणार्थी राज्य में शरण ले रहे हैं। रिकॉर्ड के मुताबिक, 18,344 शरणार्थी राहत शिविरों के बाहर रिश्तेदारों या दोस्तों के साथ मिलकर किराए के मकानों में रह रहे हैं। सात जिलों में फैले 147 राहत शिविरों में 15,938 म्यांमार शरणार्थी रह रहे हैं, जबकि मणिपुर सीमा सैतुअल, मध्य मिजोरम के सेरछिप, उत्तरपूर्वी ख्वाज़ावल या असम सीमा कोलासिब जिलों में वर्तमान में कोई राहत शिविर नहीं हैं। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, म्यांमार शरणार्थियों की संख्या 10,073 पुरुष, 10,899 महिलाएं और 13,310 बच्चे हैं। इस बीच, गुरुवार को मिजोरम में आई तेज़ हवा और ओलावृष्टि से म्यांमार शरणार्थियों के 62 राहत शिविर नष्ट हो गए या क्षतिग्रस्त हो गए।

# गठबंधन सरकार बनी तो खत्म कर देंगे अग्निवीर योजना: अखिलेश

**बदायूं,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की बदायूं लोकसभा सीट पर सहसवान विधानसभा क्षेत्र के कस्बा नाधा में आयोजित समाजवादी पार्टी की जनसभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार बदायूं की जनता और सहसवान विधानसभा के लोग रिकार्ड बनाकर जिताएंगे। यहां से सपा को ताकत मिलती है। गुन्नौर के बाद सबसे बड़ी जीत सहसवान विधानसभा से होगी।

श्री यादव ने कहा कि 7 तारीख को जसवंत नगर में भी चुनाव है और बदायूं में भी अब देखना यह होगा कि जसवंत नगर के लोग ज्यादा वोटो से जिताते हैं या सहसवान के लोग। अब चाचा है तो आपको किसी से नहीं कहना पड़ेगा, चाचा बदायूं के हो गए हैं, अब सीधे-सीधे आपका काम होगा। उन्होंने दावा किया कि 07 तारीख को पड़ने वाला वोट भारतीय जनता पार्टी को सात समुंदर दूर फेंक देंगे, उनका सफाया कर देगा। पहले दूसरे चरण में जनता ने भारतीय जनता पार्टी को पलटी दी है तीसरे चरण के लोग इनका सफाया करने जा रहे हैं। अभी किसानों की लड़ाई खत्म नहीं हुई है। इंडिया गठबंधन ने तय किया है कि अपने किसानों को खुशहाल बनने के लिए सरकार बनने के बाद किसानों को एमएसपी का अधिकार दिलाने का काम करेंगे। बड़े-बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर दिया किंतु हमारे किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने पांच करोड़ से ऊपर वालों का कर्ज माफ किया , आज किसान मायूस है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो किसानों का पूरा का पूरा कर्ज माफ होगा। इस सरकार ने जो फौज विषम परिस्थितियों में देश की रक्षा के लिए खड़ी होती है उस फौज की नौकरी को आधा अधूरा बना दिया।

इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो अग्नि वीर जैसी योजना को हमेशा हमेशा के लिए खत्म करने का काम करेंगे। यह अग्नि वीर आदि अधूरी नौकरी है। इस पर सरकार में जितनी परीक्षाएं ली गई है सब पेपर लीक हो गए द्य सरकार जानबूझकर पेपर लीक कर रही है। यह सरकार संविधान खत्म करना चाहती है, इन्होंने कोरोना काल में हमें और आपको वैक्सीन लगा दी, हमारी आपकी जान को खतरा पैदा कर दिया जिन्होंने वैक्सीन लगवाई है। उनको हार्ट से लेकर और भी तरह की चिंता करनी पड़ेगी जिन लोगों के वैक्सीन लगवाई है उनकी जांच और ईसीजी फ्री होनी चाहिए।

# शेयर बाजार: वैश्विक रुख तय करेंगे बाजार की चाल

**मुंबई,एजेंसी।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सप्ताह के अंतिम दिन भारी मुनाफावसूली के दबाव में आया घरेलू शेयर बाजार बीते सप्ताह मामूली बढ़त पर रहा और अगले सप्ताह उसकी दिशा दुनिया के अन्य केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर को लेकर आने वाले निर्णय, यूरो क्षेत्र के जीडीपी आंकड़े और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख से तय होगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 147.99 अंक अर्थात 0.20 प्रतिशत बढ़कर सप्ताहांत पर 73878.15 अंक हो गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 55.9 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की मामूली बढ़त लेकर 22475.85 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की मझौली कंपनियों ने ऊंची छलांग लगाई वहीं छोटी कंपनियों के शेयर गिर गए।

मिडकैप 826.76 अंक अर्थात लगभग दो प्रतिशत उछलकर 42414.53 अंक पर पहुंच गया वहीं स्मॉलकैप 47.88 अंक यानी 0.1 प्रतिशत फिसलकर 47191.41 अंक रह गया। विश्लेषकों के अनुसार, कंपनियों के वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के परिणम उम्मीद से थोड़ी बेहतर रहने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण सप्ताह के दौरान घरेलू बाजार की सकारात्मक शुरुआत हुई। हालांकि, महंगाई की ऊंची दर को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को लगातार छठी बार यथावत रखने के फैसले के बाद वैश्विक बाजार में मिश्रित रुझान के कारण घरेलू बाजार में व्यापक सुधार हुआ। इसके अलावा चौथी तिमाही के सकारात्मक नतीजों और बिजली की मांग में वृद्धि के कारण बैंकों और बिजली क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों तेजी का रुख रहा। वहीं, एफआईआई की लगातार जारी बिकवाली का असर लार्ज कैप शेयरों के प्रदर्शन पर पड़ा। एफआईआई इस वर्ष मई में अबतक 3,356.45 करोड़ रुपये के बिकवाल रहे। इसी तरह अप्रैल में उसने बाजार से 35,692.19 करोड़ रुपये निकाले। निवेश सलाह देने वाली कंपनी जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया कि अगले सप्ताह बाजार बैंक ऑफ इंग्लैंड की मौद्रिक नीति समीक्षा और यूरो क्षेत्र के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आंकड़ों को लेकर सतर्क रहेगा। हमें उम्मीद है कि ऊंचे भाव और इस बार के लोकसभा चुनाव संबंधी किसी भी हलचल को लेकर बाजार में कुछ हद तक मजबूती आएगी। बीते सप्ताह बुधवार को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर अवकाश के कारण बाजार में चार दिन कारोबार हुआ, जिनमें से दो दिन तेजी और दो दिन गिरावट रही। अमेरिकी फेड रिजर्व की बैठक में ब्याज दरों में कटौती किये जाने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 941.12 अंक की उड़ान भरकर 74,671.28 अंक और निफ्टी 223.45 अंक की छलांग लगाकर 22,643.40 अंक पर बंद हुआ।

# पुंछ में वायुसेना के काफिले पर आतंकवादियों के हमले में एक जवान शहीद चार घायल

**जम्मू,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में पुंछ जिले के मेंढर-सूरनकोट इलाके में आतंकवादियों के एक समूह द्वारा शनिवार शाम भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के काफिले पर किये गये हमले में घायल हुये वायु सेना के पांच जवानों में से एक ने दम तोड़ दिया जबकि चार अन्य का कमांड अस्पताल उधमपुर में इलाज चल रहा है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के सुरनकोट-मेंढर के बीच शाहसितार के पास आतंकवादियों के एक गुट ने भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमला कर दिया था। भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आतंकवादियों के साथ भीषण गोलीबारी में वायु योद्धाओं ने जवाबी गोलीबारी करके मुकाबला किया।



इसमें आगे लिखा है कि इस कार्रवाई में पांच आईएएफ कर्मियों को गोली लग गई और उन्हें तत्काल चिकित्सा के लिए निकटतम सैन्य अस्पताल ले जाया गया। एक वायु योद्धा ने बाद में चोटों के कारण दम तोड़ दिया। स्थानीय सुरक्षा बलों द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है। पिछले साल सेना पर सिलसिलेवार आतंकी हमलों का गवाह रहे इस क्षेत्र में इस साल सशस्त्र बलों पर यह पहला बड़ा हमला है। हमले की जगह के दृश्यों में आग की चपेट में आए वाहन की विंडस्क्रीन पर कम से कम एक दर्जन गोलियों के छेद दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि आतंकवादियों की आवाजाही की रिपोर्ट के बाद पिछले कुछ दिनों से इलाके में तलाशी अभियान (सीएएसओ) चल रहा था।तलाशी के दौरान आतंकवादियों ने वायु सेना कर्मियों को ले जा रहे एक वाहन पर गोलीबारी की, जिसका प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया और इस गोलीबारी में पांच कर्मी घायल हो गए। पिछले 12 दिनों में राजौरी-पुंछ क्षेत्र में यह दूसरा आतंकवादी हमला है। बाइस अप्रैल को थानामंडी के शाहदरा शरीफ इलाके के पास अज्ञात आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक 40 वर्षीय सरकारी कर्मचारी की मौत हो गई थी। 21 दिसंबर को पुंछ में डेरा की गली और बुफलियाज के बीच मुगल रोड पर आतंकी हमले में चार सैनिक शहीद हो गए थे। सुरक्षा बलों और पुलिस ने क्षेत्र में आगामी संसदीय चुनावों के मद्देनजर जिलों में आतंकवादियों और उनके समर्थकों को बाहर निकालने के लिए पहले से ही घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। कुछ दिन पहले, सुरक्षा बलों ने पुंछ के हरि बुद्ध इलाके से एक स्कूल हेडमास्टर को पकड़ा था और उसके घर से गोला-बारूद के साथ-साथ पाकिस्तान निर्मित पिस्तौल और दो चीनी ग्रेनेड भी जब्त किए थे। पुंछ अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है जहां 25 मई को छठे चरण में मतदान होना है।

# देश में कीटनाशक उपयोग के कड़े मानक लागू

**नई दिल्ली।** भारत कीटनाशक उपयोग के कड़े मानक लागू हैं जो विश्व में सर्वधिक सख्त हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण - एफएसएसएआई ने रविवार को यहां कहा है कि जड़ी-बूटियों और मसालों में 10 गुना अधिक कीटनाशक अवशेषों की अनुमति देने संबंधी भ्रामक और गलत हैं जिनका कोई आधार नहीं है1 भारत में दुनिया में कीटनाशकों की अधिकतम अवशेष सीमा (एमआरएल) के सबसे कड़े मानकों में से एक है और कीटनाशकों के एमआरएल उनके जोखिम आकलन के आधार पर विभिन्न खाद्य वस्तुओं के लिए अलग-अलग तय किए जाते हैं।




प्राधिकरण के अनुसार कीटनाशकों के मामले में 0.01 मिलीग्राम प्रति किग्रा का एमआरएल लागू था। यह सीमा केवल मसालों के मामले में 0.1 मिलीग्राम प्रति किग्रा तक बढ़ाई गई थी और यह केवल उन कीटनाशकों के लिए लागू है जो भारत में सीआईबी और आरसी द्वारा पंजीकृत नहीं हैं। दुनिया में विभिन्न मसालों के लिए चरणबद्ध तरीके से 2021-23 के दौरान मसालों पर कीटनाशक अवशेषों पर कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन में मसालों और पाक जड़ी-बूटियों के लिए कोडेक्स द्वारा निर्धारित एमआरएल 0.1 से 80 मिलीग्राम प्रति किग्रा तक है। एक कीटनाशक का उपयोग विभिन्न एमआरएल वाली 10 से अधिक फसलों में किया जाता है। बैंगन में फ्लुबेंडियामाइड का उपयोग 0.1 एमआरएल के साथ किया जाता है, जबकि बंगाल चने के लिए एमआरएल 1.0 मिलीग्राम प्रति किग्रा, पत्तागोभी के लिए 4 मिलीग्राम प्रति किग्रा, टमाटर के लिए 2 मिलीग्राम प्रति किग्रा और चाय के लिए 50 मिलीग्राम प्रति किग्रा है। इसी तरह, मोनोक्रोटोफॉस का उपयोग एमआरएल वाले खाद्यान्नों के लिए 0.03 मिलीग्राम प्रति किग्रा, खट्टे फलों के लिए 0.2 मिलीग्राम प्रति किग्रा, सूखी मिर्च के लिए 2 मिलीग्राम प्रति क्रिग्रा और इलायची के लिए 0.5 मिलीग्राम प्रति किलोग्राम किया जाता है। मिर्च के लिए उपयोग किए जाने वाले मायक्लोबुटानिल के लिए कोडेक्स की निर्धारित एमआरएल 20 मिलीग्राम प्रति किग्रा है जबकि एफएसएसएआई की निर्धारित सीमा 2 मिलीग्राम प्रति किग्रा है। मिर्च के लिए उपयोग की जाने वाली स्पाइरोमेसिफेन के लिए, कोडेक्स सीमा 5 मिलीग्राम प्रति किग्रा है जबकि एफएसएसएआई की सीमा 1 मिलीग्राम प्रति किग्रा है। इसी तरह, काली मिर्च के लिए उपयोग किए जाने वाले मेटालैक्सिल और मेटालैक्सिल-एम के लिए कोडेक्स मानक 2 मिलीग्राम प्रति किग्रा है जबकि एफएसएसएआई की निर्धारित सीमा 0.5 मिलीग्राम प्रति किग्रा है। प्राधिकरण ने कहा कि भारत में केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड और पंजीकरण समिति (सीआईबी और आरसी) से पंजीकृत कुल कीटनाशकों की संख्या 295 से अधिक है, जिनमें से 139 कीटनाशक मसालों में उपयोग के लिए पंजीकृत हैं। कोडेक्स ने कुल 243 कीटनाशकों को अपनाया है जिनमें से 75 कीटनाशक मसालों के लिए लागू हैं। जोखिम मूल्यांकन के आधार पर विभिन्न एमआरएल के साथ कई खाद्य वस्तुओं पर एक कीटनाशक पंजीकृत किया जाता है। विभिन्न एमआरएल वाली कई फसलों पर मोनोक्रोटोफॉस के उपयोग की अनुमति है जैसे चावल 0.03 मिलीग्राम प्रति किग्रा, खट्टे फल 0.2 मिलीग्राम प्रति किग्रा, कॉफी बीन्स 0.1 मिलीग्राम प्रति किग्रा और इलायची 0.5 मिलीग्राम प्रति किग्रा और मिर्च 0.2 मिलीग्राम प्रति किग्रा है। गौरतलब है कि हाल में हांगकांग ने भारत मे निर्मित कुछ मसालों को कैंसर कारक होने का आरोप लगाते हुए प्रतिबंध लगाया है।

# राजस्थान में पिछले सत्रह लोकसभा चुनावों में केवल 31 महिला पहुंच पाई संसद

**जयपुर।** राजस्थान में लोकसभा चुनावों में अब तक आधी आबादी का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है और पिछले सत्रह लोकसभा चुनावों में केवल 31 महिलाएं ही संसद पहुंच पाई हैं जो आजादी के बाद करीब 72 सालों में उनकी संसद में राज्य से केवल 7.52 प्रतिशत भागीदारी रही है। राजस्थान में हाल में दो चरणों में हुए 18वीं लोकसभा चुनाव सहित अब तक हुए अठारह लोकसभा चुनावों में 222 महिलाओं ने चुनाव लड़ा। उल्लेखनीय है कि हाल में हुए लोकसभा चुनाव का परिणाम आगामी चार जून को आयेगा।



प्रदेश में इससे पहले हुए सत्रह लोकसभा चुनावों में 203 महिला उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा जिनमें केवल 31 महिला ही चुनाव जीत पाई। इन चुनावों में कुल 4156 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा जिनमें 412 प्रत्याशी सांसद बनकर संसद पहुंचे जिनमें 481 पुरुष उम्मीदवार शामिल हैं। इस दौरान प्रदेश से महिलाओं की संसद में भागीदारी भले ही कम रही हो लेकिन इनमें पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित अन्य ऐसी कई महिलाएं जो एक से अधिक बार चुनाव जीतकर संसद पहुंची। इनमें श्रीमती राजे सर्वाधिक पांच बार संसद पहुंचकर अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। इन 18 चुनावों में कुल प्रत्याशियों में महिलाओं को केवल 5.02 प्रतिशत ही उम्मीदवारी मिली जबकि इनमें पिछले सत्रह चुनावों में 4.88 प्रतिशत महिला प्रत्याशी थी। अब तक हुए अठारह लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने पिछले 72 सालों में करीब 38 महिलाओं को टिकट दिया जबकि भाजपा ने पिछले लगभग 45 वर्षों में करीब 28 महिलाओं को चुनाव मैदान में उतारा। इस दौरान अन्य दलों ने भी महिलाओं को चुनाव मैदान में उतारा। पिछले सत्रह लोकसभा चुनावों में भाजपा की सर्वाधिक 15 भाजपा महिला प्रत्याशी संसद पहुंची जबकि कांग्रेस की 12 एवं तीन स्वतंत्र पार्टी एवं एक निर्दलीय महिला उम्मीदवार ने चुनाव जीता। इस दौरान श्रीमती राजे ने झालावाड़ लोकसभा क्षेत्र से सर्वाधिक पांच बार वर्ष 1989, 1991, 1996, 1998 एवं 1999 में भाजपा प्रत्याशी के रुप में चुनाव जीता जबकि कांग्रेस प्रत्याशी डा गिरिजा व्यास चार बार लोकसभा चुनाव जीता। डा व्यास ने वर्ष 1991, 1996 एवं 1999 में उदयपुर एवं वर्ष 2009 में चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र का संसद में प्रतिनिधित्व किया। डा व्यास ने सात बार लोकसभा का चुनाव लड़ा जिनमें तीन बार उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा।

मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी, सैफुल्लाह सिद्दिकी द्वारा आरडी प्रिंटिंग एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-08, नोएडा ( यूपी ), से छपवा कर एन-81, बटला हाउस, जामिया नगर पुलिस स्टेशन, जामिया नगर, नई दिल्ली-110025 से प्रकाशित किया। सर्वाधिकार सुरक्षित, किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र दिल्ली होगा। ( संपादक- सैफुल्लाह सिद्दिकी )